
वर्ष : 34 ▸ अंक :199 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल ▸ संरक्षक : एन. के. पुरोहित


# DBD
# दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

नवरात्रि का पांचवां दिन

## मातृत्व की प्रतीक हैं स्कंदमाता माता

नवरात्र के पांचवें दिन माँ स्कन्दमाता की पूजा-अर्चना की जाती है। वे भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता हैं और कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। चार भुजाओं वाली, अत्यंत तेजस्विनी और उज्ज्वल स्वरूप की यह देवी अपनी गोद में बालरूप स्कन्द को धारण किए रहती हैं। इनका वाहन सिंह है, जो शक्ति और पराक्रम का प्रतीक माना जाता है।

### सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी

माँ स्कन्दमाता सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनकी उपासना से साधक को दिव्य तेज, विशुद्ध चक्र की सिद्धियां और अंतत: मोक्ष की प्राप्ति होती है। शरीर में वात, पित्त और कफ जैसे दोषों से पीड़ित लोगों को इनकी पूजा करते समय अलसी का भोग अर्पित करने का विधान है।



### आराधना का महत्व

माँ स्कन्दमाता की आराधना से मन निर्मल और शुद्ध होता है। साधक का चित्त स्थिर होकर चैतन्य स्वरूप में लीन होता है। भक्तों को सुख, शांति और सिद्धि की प्राप्ति होती है।

**पूजन मंत्र**
'सिंहासना गता नित्यं पद्माश्रि तकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।'



पंडित डॉ. त्रिलोक कैलाशचंद्र शर्मा



# मुश्किल में सोनम वांगचुक

- एनजीओ का विदेशी फंडिंग लाइसेंस रद्द
- लद्दाख हिंसा के बाद सरकार ने लिया ऐक्शन

एजेंसी | लेह

लद्दाख के प्रमुख कार्यकर्ता सोनम वांगचुक द्वारा संचालित गैर-लाभकारी संगठन (NGO) का एफसीआरए पंजीकरण सरकार ने रद्द कर दिया है। आरोप है कि इस संस्था ने विदेशी फंडिंग संबंधी कानूनों का बार-बार उल्लंघन किया। यह कदम लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग पर भड़के हिंसक आंदोलनों के 24 घंटे बाद उठाया गया।



### सीबीआई जांच जारी

सोनम वांगचुक द्वारा स्थापित हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख (HIAL) के खिलाफ सीबीआई विदेशी फंडिंग उल्लंघन की जांच कर रही है। हालांकि, अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

### क्या हैं आरोप?

वांगचुक पर आरोप है कि गैर-लाभकारी संस्था के एफसीआरए खाते में 3.35 लाख रुपये जमा कराए गए, जबकि यह राशि एक पुरानी बस की बिक्री से आई थी। संस्था ने बचाव में कहा कि बस एफसीआरए फंड से खरीदी गई थी, इसलिए बिक्री की राशि खाते में जमा की गई, लेकिन सरकार ने यह तर्क खारिज कर दिया। इसके अलावा, स्वीडन से मिले 4.93 लाख रुपये को भी सरकार ने 'राष्ट्रीय हित के विरुद्ध' बताया। इसी तरह 19,600 रुपये और 79,200 रुपये की अन्य लेन-देन को भी संदिग्ध माना गया।

### वांगचुक का रुख

सोनम वांगचुक ने कहा है कि वह गिरफ्तारी के लिए तैयार हैं। उन्होंने गृह मंत्रालय के आरोपों को ₹बलि का बकरा बनाने₹ की रणनीति बताया। उनका कहना है कि उन्हें जेल में डालने से सरकार के लिए समस्याएं और बढ़ सकती हैं।

### गृह मंत्रालय का बयान

गृह मंत्रालय ने आरोप लगाया कि सोनम वांगचुक और कुछ राजनीतिक रूप से प्रेरित लोग भड़काऊ बयान देकर हाल की हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। मंत्रालय का कहना है कि यह हिंसा बातचीत में हुई प्रगति को बाधित करने की कोशिश थी।

## जल्द लॉन्च होगा बीएएस का पहला मॉड्यूल




**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मॉड्यूल जल्द लॉन्च किया जाएगा। इसरो की टीमें इस कक्षीय प्रयोगशाला का डिजाइन तैयार कर रही हैं। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) भारत का स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन होगा। अंतरिक्षयात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में कहा, इसरो की टीमें बीएएस की डिजाइनिंग के लिए काम कर रही हैं। योजनाएं तैयार हैं। बीएनएस का पहला माड्यूल जल्द लॉन्च किया जाएगा। बीएएस के बारे में शुभांशु ने कहा, यह "6 बीएचके अपार्टमेंट" जैसा होगा। इसे "मॉड्यूलर" शैली में विकसित किया जाएगा। इसमें भारतीय अंतरिक्षयात्रियों के रहने और प्रयोग करने की व्यवस्था होगी। गौरतलब है कि इस वर्ष की शुरुआत में, इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा था कि बीएएस का पहला मॉड्यूल 2028 में अंतरिक्ष में लॉन्च किया जाएगा।

# आदिवासी विभाग के प्रचार-प्रसार पर 53 करोड़ का खर्च

▶▶ विपक्ष ने किया विरोध

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी लाडली बहन योजना के लिए आदिवासी विकास विभाग का फंड डायवर्ट किए जाने के बाद विपक्ष ने सवाल उठाए थे। अब उसी विभाग ने अपने तहत चल रही योजनाओं के प्रचार और प्रसार के लिए 52 करोड़ 97 लाख रुपए आरक्षित किए हैं, जिससे कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने सरकार को निशाने पर लिया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल लोंढे ने कहा कि बाढ़ और अन्य आपदाओं के बीच किसानों को मदद पहुंचाने की बजाय सरकार करोड़ों रुपए प्रचार पर खर्च कर रही है, जो प्राथमिकताओं में असंतुलन दर्शाता है।

### क्या है मामला?

आदिवासी विकास विभाग

आदिवासी विकास विभाग ने आदेश जारी कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न आदिवासी कल्याण योजनाओं की जानकारी समाज के सभी तबकों तक पहुंचाने के लिए 52 करोड़ 97 लाख 47 हजार रुपए खर्च करने की मंजूरी दी है। यह राशि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए निर्धारित की गई है।

### कांग्रेस की प्रतिक्रिया

जब लाडली बहन योजना के लिए आदिवासी विभाग के खातों से कुल 1,770 करोड़ रुपए फंड डायवर्ट किए गए थे, तब विपक्ष ने सरकार पर विभाग के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया था। अब इसी विभाग द्वारा योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाने पर विपक्ष ने सरकार की आलोचना तेज कर दी है। अतुल लोंढे ने सवाल उठाया कि जब राज्य के किसान आपदा का सामना कर रहे हैं, तब सरकार प्रचार और प्रसार पर करोड़ों रुपए क्यों खर्च कर रही है।

## खबर संक्षेप

### जैसलमेर से आईएसआई का जासूस गिरफ्तार

**जैसलमेर।** राजस्थान सीआईडी (CID) इंटेलिजेंस ने जैसलमेर से पाकिस्तानी जासूस हनीफ खान को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर भारतीय सेना से संबंधित गोपनीय जानकारियां पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई (ISI) को भेजने का आरोप है। सीआईडी इंटेलिजेंस ने इस मामले में स्टेट सीक्रेट एक्ट 1923 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीआईडी इंटेलिजेंस की टीम को हनीफ मीर खान (47), निवासी बासनपिर जुनी, थाना सदर, जो वर्तमान में मोहांगढ़, जैसलमेर में रह रहे हैं, की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। जांच में पता चला कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से संपर्क में था।

### लिव-इन पार्टनर और उसके बेटे की हत्या करने की कोशिश

**मुंबई।** मुंबई में एक कंपा देने वाली घटना सामने आई है। शहर के मालवणी इलाके में एक आदमी ने अपनी लिव-इन पार्टनर और उसके बेटे की हत्या करने की कोशिश की। आरोपी लिव इन पार्टनर से नाराज था क्योंकि वह अपने पूर्व पति से मिलने गई थी। इससे गुस्साए आरोपी ने युवती को जबरन बुखार की गोलियां खिलाकर बेहोश करने की कोशिश की, फिर उसके साढ़े तीन साल के बेटे का गला बिजली के तार से कस दिया। गनीमत यह रही कि युवती के चिल्लाने पर पड़ोसी जमा हो गए और मां-बेटे की जान बच गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### फर्जी गेमिंग ऐप से 3 हजार करोड़ से अधिक की ठगी

**रायगढ़।** महाराष्ट्र की रायगढ़ पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप्स के जरिए की जा रही ठगी के मामले में खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 38 वर्षीय भारमल हनुमान मीणा के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने अलीबाग से गिरफ्तार किया है। यह आरोपी फर्जी गेमिंग ऐप्स जैसे एम999, परिमच और मधुर मटका समेत तीन गेमिंग ऐप्स के जरिए लोगों से ठगी कर रहा था। शिकायतकर्ता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उससे 10 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई है। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने पूरे मामले की गहन जांच की और यह खुलासा हुआ।

# बॉम्बे हाई कोर्ट का वन्यजीव संरक्षण पर सख्त रुख

▶▶ कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा समय पर हलफनामा दाखिल नहीं करने पर लगाया 25 हजार का जुर्माना



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य में वन्यजीवों की सुरक्षा और उनके निवास क्षेत्रों के संरक्षण को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने राज्य सरकार द्वारा समय पर हलफनामा दाखिल नहीं करने पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और इसे याचिकाकर्ता को देने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर को निर्धारित की गई है। सुनवाई न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति संदेश पाटिल की पीठ के समक्ष हुई। याचिका वन्यजीव संरक्षण पर काम करने वाली सामाजिक संस्था 'वनशक्ति' की पूर्णिमा उपाध्याय की ओर से वकील आकाश रेबेलो ने दायर की थी।

वकील ने दलील दी कि कई वन्यजीव विलुप्ति के कगार पर हैं और उनके रहने के क्षेत्र संकटग्रस्त हैं, जिन्हें सरकार द्वारा संरक्षण की आवश्यकता है। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह वन्यजीवों की पहचान करे और महत्वपूर्ण वन क्षेत्रों का सीमांकन करे, ताकि वन्यजीवों और उनके निवास क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# अब मुंबई पर होगी 11 हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की नजर

- सीसीटीवी प्रणाली को हाईटेक करने के लिए 2,000 करोड़ का कोष मंजूर

**मुंबई।** राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था, यातायात और नगर निगमों की सहायता के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रणाली बनाने का निर्णय लिया है। इसमें वीडियो एनालिटिक्स तकनीक का इस्तेमाल होगा और सीसीटीवी क्षेत्रों के बाहर भी चेहरे की पहचान प्रणाली उपलब्ध कराई जाएगी।

मुंबई में सीसीटीवी स्थापना का कार्यक्रम 2018 से जारी है। तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यकाल में इसे लगभग 980 करोड़ रुपये के वित्त पोषण के साथ शुरू किया गया था। अब चरण-III को 2,141 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। पहले दो चरणों में 11,377 कैमरे लगाने की योजना बनाई गई थी।



### 5442 कैमरे पहले ही लगाए जा चुके

पहले चरण में 5442 कैमरे लगाए गए, जबकि दूसरे चरण में एलएंडटी कंपनी ने 5935 में से 5069 कैमरे स्थापित कर दिए हैं। शेष 866 कैमरे तीसरे चरण में महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाए जाएंगे। साथ ही, भीड़भाड़ वाली जगहों पर चेहरे की पहचान तकनीक, RLVD (लाल बत्ती उल्लंघन पहचान) और स्वचालित गति निर्धारण प्रणाली लगाई जाएगी।

### तीसरे चरण में हाईटेक नियंत्रण कक्ष

सीसीटीवी चरण-III में नियंत्रण कक्ष को भी आधुनिक बनाया जाएगा। इसमें यातायात नियमन और पार्किंग संबंधी जन सूचना प्रणाली, जुलूसों और सभाओं के दौरान ड्रोन सहायता तथा अन्य हाईटेक सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। मुंबई आतंकवादी हमलों, आपराधिक गतिविधियों और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी चुनौतियों के प्रति संवेदनशील है। ऐसे में सरकार और पुलिस ने सीसीटीवी प्रणाली को और उन्नत कर अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और यातायात प्रबंधन को मजबूत करने को प्राथमिकता दी है।

# 24 साल बाद मिला न्याय

- इ्यूटी के दौरान फूड इंस्पेक्टर ने गंवाई थी जान
- कोर्ट ने बेटे की अनुकंपा नियुक्ति का दिया निर्देश



डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नासिक

बॉम्बे हाई कोर्ट ने ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले फूड इंस्पेक्टर व्यंकटराव सोनवणे के परिवार को 24 साल बाद न्याय दिलाया है। अदालत ने नासिक जिला कलेक्टर और सटाणा नगर पालिका को उनके बेटे रोहित व्यंकटराव सोनवणे को अनुकंपा नियुक्ति देने का निर्देश दिया। सोनवणे की पत्नी और बेटे को इस अनुकंपा नियुक्ति के लिए 24 वर्षों तक कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी।

### नगर पालिका को दिए गए निर्देश

पीठ ने नगर पालिका को भी निर्देश दिया कि जब भी कक्षा 3 श्रेणी में कोई पद रिक्त हो, उस पद पर याचिकाकर्ता को नियुक्त किया जाएगा। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि रोहित तीसरी श्रेणी के तहत नियुक्ति की प्रतीक्षा के लिए तैयार हैं।

## देश के अंदर ट्रेन से सामान भेजना सबसे सस्ता



**नई दिल्ली।** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की लाजिस्टिक लागत जीडीपी का 7.97 प्रतिशत दर्ज की गई। इससे पूर्व के वित्त वर्ष में देश की लॉजिस्टिक लागत जीडीपी का 8.89 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की कुल लॉजिस्टिक लागत 24.01 लाख करोड़ बताई गई। रिपोर्ट के मुताबिक सामान भेजने के लिए सबसे सस्ता समुद्र मार्ग तो सबसे महंगा सड़क मार्ग है। सड़क मार्ग से एक टन सामान को एक किलोमीटर भेजने की लागत 3.78 रुपये आती है जबकि समुद्र मार्ग पर यह लागत 1.80 रुपये आती है।

# अब भिक्षागृहों के भिक्षुकों को मिलेगा 40 रुपए मेहनताना

▶▶ 14 शासकीय भिक्षागृहों में हैं 368 भिक्षुक

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने शासकीय पुरुष और महिला भिक्षागृहों में रहने वाले भिक्षुकों (भिखारियों) के लिए प्रतिदिन मेहनताना बढ़ाकर 5 रुपए से 40 रुपए कर दिया है। महिला व बाल विकास विभाग ने महाराष्ट्र भिक्षा प्रतिबंध (संशोधन) अधिनियम-1664 में संशोधन के तहत यह प्रावधान लागू किया है। अब भिक्षागृहों में रहने वाले भिक्षुकों को प्रशिक्षण में प्रगति करने और अच्छा बर्ताव करने पर प्रतिदिन 40 रुपए मिलेंगे। वर्तमान में प्रदेश के 14 भिक्षागृहों में 368 भिक्षुक हैं।



### श्रम और प्रशिक्षण के लिए मेहनताना

अधिकारी के अनुसार, भिक्षुकों को अदालत के आदेश पर शासकीय भिक्षागृहों में भेजा जाता है, जो अधिकांशत: सड़कों पर भीख मांगने वाले होते हैं। इन भिक्षुकों को बागवानी, सफाई, वस्तुओं का निर्माण और कौशल विकास प्रशिक्षण में शामिल किया जाता है।

### नियमों में संशोधन और नागरिकों की राय

महिला व बाल विकास विभाग ने नियमों में संशोधन के संबंध में अधिसूचना जारी की है। नागरिक 7 अक्टूबर 2025 तक सुझाव और आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं। इसके बाद महाराष्ट्र भिक्षा प्रतिबंध (संशोधन) नियम-2025 लागू होगा। अक्टूबर से शासकीय भिक्षागृहों में रहने वाले भिक्षुकों को प्रतिदिन 40 रुपए का मेहनताना दिया जाएगा। राज्य में विभिन्न जिलों में शासकीय पुरुष और महिला भिक्षागृह हैं। मुंबई के चेंबूर नाका, कल्याण, रायगड, पुणे, सातारा, सोलापुर, मालशिरस और नागपुर सहित कई जिलों में ये केंद्र स्थित हैं। इन भिक्षागृहों में भिक्षुकों को सुरक्षित आवास, प्रशिक्षण और दैनिक मेहनताना मिलता है।

# महाराष्ट्र में फिर होगी भारी बारिश

- मुंबई-ठाणे समेत 11 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में बारिश का सिलसिला अभी जारी रहेगा। दरअसल पिछले एक हफ्ते से हो रही भारी बारिश ने राज्य के कई जिलों में कहर बरपाया है और किसान परेशान हैं। भारी बारिश के कारण खेतों में फसलें पानी में डूब गई हैं और कुछ जगहों पर मिट्टी भी बह गई है। इसलिए जहां किसान बारिश रुकने का इंतज़ार कर रहे हैं। वहीं राज्य में बारिश की रफ्तार फिर से बढ़ने का अनुमान है। बंगाल की खाड़ी में बन रहे कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से शुक्रवार से महाराष्ट्र में फिर से बारिश बढ़ जाएगी। अनुकूल वातावरण के कारण मराठवाड़ा से लेकर मध्य महाराष्ट्र और कोंकण तट तक सोमवार तक बारिश होगी।



### पुणे में कैसी रहेगी स्थिति?

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने पुणे में अगले तीन दिनों तक गरज के साथ बारिश की भविष्यवाणी की है। एक ओर राजस्थान से मॉनसून की वापसी शुरू हो गई है। वहीं महाराष्ट्र में मॉनसून सक्रिय है।

### महाराष्ट्र के 11 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, धुले, नंदुरबार और जलगांव इन तीन जिलों को छोड़कर राज्य के अन्य सभी जिलों में कल यानी शुक्रवार को भारी बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही शनिवार को राज्य के 11 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को चंद्रपुर, गढ़चिरौली, यवतमाल जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा शनिवार को मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, पुणे घाट क्षेत्र, कोल्हापुर घाट क्षेत्र, सतारा घाट क्षेत्र, नांदेड़, लातूर, धाराशिव जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

# चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद

**विनय दूबे । भाईंदर**



एमबीवीवी पुलिस क्राइम ब्रांच यूनिट-1 ने हाल ही में कानून से संघर्षरत एक बच्चे को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से चोरी की गई तीन मोटरसाइकिलें बरामद कीं। घटना की शुरुआत 15 से 16 सितंबर के बीच हुई, जब भाईंदर के नवघर पुलिस थाने क्षेत्र से प्रिंसकुमार की होंडा एक्टिवा चोरी हो गई। गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच के निरीक्षक सुशील शिंदे ने मामले की समानांतर जांच शुरू की। निरीक्षक सुशील शिंदे को उनके गोपनीय सूत्रों से शहर में चोरी हुई कुछ दुचाकी वाहनों और उन्हें चुराने वाले व्यक्ति के बारे में अहम जानकारी मिली। जांच के दौरान पुलिस टीम को भाईंदर में रहने वाले कानूनी संघर्षरत बच्चे के खिलाफ महत्वपूर्ण सुराग मिले। इसके आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को हिरासत में लिया और उसके पास से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें जब्त कीं।

### सिर्फ मौज-मस्ती के लिए बाइक उड़ाता था आरोपी

पुलिस सूत्रों के अनुसार, 17 वर्षीय बालक सिर्फ मौज-मस्ती के लिए बाइक उड़ाता था। इसके अलावा वह अपने एक परिचित के आई कार्ड का दुरुपयोग कर जोमाटो में डिलीवरी बॉय का काम करता था। इससे उसकी गैरकानूनी गतिविधियों का पर्दाफाश हुआ और पुलिस ने कार्रवाई की।

# सानपाडा पुलिस स्टेशन भवन का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**● राज्य का सुसज्जित और आधुनिक पुलिस स्टेशन बना सानपाडा पुलिस स्टेशन**

**नागमणि पांडेय । नवी मुंबई**

नवी मुंबई। नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के सानपाड़ा पुलिस स्टेशन भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों किया गया। पहले यह विभाग तीन जर्जर और तंग कमरों से संचालित हो रहा था, लेकिन अब नया भवन उपलब्ध कराया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में वन मंत्री गणेश नाईक, विधायक मंदा म्हात्रे, पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, आयुक्त मिलिंद भारंबे समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस चार मंजिला भवन में 40 से अधिक कमरे हैं। इसमें स्वागत कक्ष, स्टाफ विश्राम गृह, धात्री माताओं के लिए पृथक कक्ष, लॉक-अप कक्ष, सुसज्जित पार्किंग, भंडारण कक्ष, बैठक कक्ष, साइबर आर्थिक अपराध विभाग और सभी अधिकारियों के लिए पृथक हॉल उपलब्ध हैं। साथ ही शिकायतकर्ताओं और आगंतुकों के लिए बैठक व्यवस्था भी की गई है। यह भवन न केवल पुलिस बल बल्कि स्थानीय निवासियों के लिए भी सुविधाजनक साबित होगा और नवी मुंबई की पहचान को और गौरवशाली बनाएगा।



### भविष्य का पहला सौर ऊर्जा संचालित पुलिस स्टेशन

सानपाड़ा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत नवी मुंबई का विशाल खाड़ी तटीय क्षेत्र आता है। सिडको ने पाम बीच रोड स्थित मोराज सर्कल के सामने पुलिस स्टेशन के लिए 18 हज़ार वर्ग फुट का क्षेत्र आवंटित किया है। यह स्टेशन निकट भविष्य में नवी मुंबई का पहला सौर ऊर्जा संचालित पुलिस स्टेशन बनने जा रहा है।

### राज्य का सबसे सुसज्जित व आधुनिक पुलिस स्टेशन

नवी मुंबई पुलिस ने दावा किया है कि सानपाड़ा पुलिस स्टेशन न केवल नवी मुंबई बल्कि पूरे राज्य का सबसे आधुनिक और सुसज्जित पुलिस स्टेशन है। उद्घाटन समारोह में वाशी, पनवेल और सीबीडी पुलिस स्टेशनों के वरिष्ठ निरीक्षकों को आईएसओ प्रमाणन प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही ई-संचार ऑनलाइन सेवा और साइबर/वित्तीय अपराध (Cy-Fi) जांच प्रकोष्ठ का भी उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने भवन का निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी ली।

# नवी मुंबई में 'गोल्डन मेट्रो' का अगला कदम

**● डीपीआर पुनरावलोकन की तैयारी**



**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (मुंबई) को जोड़ने वाली मेट्रो कॉरिडोर संख्या 8 'गोल्डन मेट्रो' परियोजना को लेकर सिडको ने अगला कदम उठाया है। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के पुनरावलोकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और इसके लिए सलाहकार नियुक्त करने हेतु निविदा जारी की गई है।

### 30 मिनट में जुड़ेंगे दोनों एयरपोर्ट

सूत्रों के अनुसार यह मार्गिका एक एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के रूप में विकसित की जाएगी, जिसमें सीमित स्टेशन होंगे ताकि यात्रियों को तेज़ और सुविधाजनक यात्रा मिल सके। अनुमान है कि इस मार्ग से केवल 30 मिनट में दोनों एयरपोर्ट के बीच सफर संभव होगा। परियोजना की कुल लंबाई लगभग 35 किलोमीटर है, जिसमें 9.25 किमी भूमिगत हिस्सा (मुंबई एयरपोर्ट टर्मिनल 2 से छेड़ानगर तक) और 25.63 किमी एलीवेटेड हिस्सा (छेड़ानगर से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक) शामिल होगा। इस मार्ग पर कुर्ला, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मानखुर्द, वाशी, नेरुल और बेलापुर प्रमुख स्टेशन होंगे। यह प्रोजेक्ट 15 हजार करोड़ रुपए की लागत से मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) और सिडको के संयुक्त उपक्रम से बनाया जाएगा।

# पुलिस को देख भागा चोर, ट्रैफिक पुलिस ने दबोचा



**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

पनवेल ट्रैफिक पुलिस ने न्यू पनवेल के एचडीएफसी सर्कल पर विशेष नाकाबंदी की थी। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक औदुंबर पाटिल के मार्गदर्शन में पुलिस उप-निरीक्षक पंधरे और पुलिसकर्मी कौले, साबले, महिला पुलिस कांस्टेबल भटकर व पवार की टीम ने की। नाकाबंदी के दौरान स्कूटी (क्रमांक MH46 CB 8422) पर सवार युवक को बिना हेलमेट देखकर पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन युवक भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे धर दबोचा। पूछताछ में खुलासा हुआ कि स्कूटी चोरी की है।

### चोर से कई अपराधों का खुलासा होने की संभावना

गिरफ्तार आरोपी को ट्रैफिक पुलिस ने खांदेश्वर पुलिस के हवाले कर दिया है। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है और आशंका जताई जा रही है कि उससे कई अन्य अपराधों का भी खुलासा हो सकता है।

# पश्चिम रेलवे द्वारा उधना एवं ब्रह्मपुर के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस की शुरुआत

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



अमृत भारत एक्सप्रेस आम आदमी को आधुनिक, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के भारतीय रेल के निरंतर प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह ट्रेन तकनीकी रूप से उन्नत है और लंबी दूरी के यात्रियों को बेहतर सुविधाओं, बेहतर सुरक्षा और किफायती किराए पर आधुनिक यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। दोनों तरफ पुश-पुल कॉन्फ़िगरेशन में लगे इंजनों के साथ यह ट्रेन तेज़ गति, यात्रा समय में कमी और एक सुगम एवं आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करती है।

### ट्रेन का विवरण

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 19021 उधना-ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार को उधना से 07:10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13:55 बजे ब्रह्मपुर पहुँचेगी। यह ट्रेन 5 अक्टूबर, 2025 से चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 19022 ब्रह्मपुर-उधना अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को ब्रह्मपुर से 23:45 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 08:45 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन 6 अक्टूबर, 2025 से चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बारडोली, व्यारा, नवापुर, नंदुरबार, दोंडाइचा, सिंदखेड़ा, अमलनेर, धरणगांव, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, खरियार रोड, कांटाबांजी, टिटलागढ़, केसिंगा, मुनिगुडा, रायगडा, पार्वतीपुरम, बोब्बिली, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड और पलासा स्टेशनों पर रुकेगी।

# मंत्रालय में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपित के विरुद्ध मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता । पालघर**

महाराष्ट्र मंत्रालय में क्लर्क की नौकरी दिलाने का वादा करने के आरोप में शिवसेना शिंदे समूह के पालघर युवा सेना जिला प्रमुख सौरभ अप्पा के खिलाफ बोईसर पुलिस स्टेशन में गुरुवार को मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की गहन छानबीन शुरू कर दी है, लेकिन अब तक आरोपित को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पालघर जिले के पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख ने पुष्टि की कि शिकायतकर्ता ने आरोपित पर पालघर और आसपास के करीब 50 लोगों को नौकरी के नाम पर ठगने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने इस ठगी के सबूत भी पुलिस को दिए हैं। पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपित की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई है।




### पार्टी पद और आरोपों का विवरण

जांच अधिकारी ने बताया कि सौरभ अप्पा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी, शिवसेना शिंदे समूह, के पालघर युवा जिला प्रमुख पद पर तैनात हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सौरभ ने 50 से अधिक युवकों से कुल 2 लाख 20 हजार रुपए ऐंठे। इसके साथ ही आरोपित और एकनाथ शिंदे के निजी सचिव के बीच व्हाट्सएप चैट के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं।

### कानूनी कार्रवाई और आगे की जांच

सौरभ अप्पा के खिलाफ बोईसर पुलिस स्टेशन में बीएनएस 2023 की धारा 316(2), 318(4) के तहत मंत्रालय में क्लर्क की नौकरी दिलाने का दावा करते हुए धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। पालघर पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार करने की तैयारी है।

# स्लम पुनर्वास प्राधिकरण को 'प्लेटिनम' पुरस्कार

**दीपक पवार । मुंबई**




स्लम पुनर्वास प्राधिकरण, बृहन्मुंबई, महाराष्ट्र कार्यालय को उसकी पहल 'नागरिक-केंद्रित डिजिटल सेवाएँ' के लिए सर्वोच्च 'प्लेटिनम' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार स्कॉच समूह द्वारा प्रदान किया गया, जो 1997 से निजी, सार्वजनिक और सरकारी संगठनों को रणनीतिक सलाह और मार्गदर्शन देता आ रहा है। 103वें स्कॉच सम्मेलन का आयोजन 20 सितंबर 2025 को नई दिल्ली में सिल्वर ओक, इंडिया हैबिटेट सेंटर में किया गया। इस सम्मेलन में पिछले चार महीनों में विभिन्न क्षेत्रों की 300 से अधिक कंपनियों और सरकारी कार्यालयों द्वारा प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया गया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले संगठनों को सम्मानित किया गया।

इसी अवसर पर महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को स्वर्ण पुरस्कार मिला, जबकि नासिक जिला प्रशासन, हिंगोली और महाराष्ट्र मोटर वाहन विभाग को रजत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्लम पुनर्वास प्राधिकरण को पिछले वर्ष 'किराया प्रबंधन प्रणाली' के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पुरस्कार भी मिल चुका है।

स्लम पुनर्वास प्राधिकरण, बृहन्मुंबई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. महेंद्र कल्याणकर नागरिकों को डिजिटल माध्यम से पारदर्शी और कुशल सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार कार्यरत हैं। यह पुरस्कार झोपड़पट्टी निवासियों के विश्वास, भागीदारी और सहयोग के लिए समर्पित है। भविष्य में भी प्राधिकरण डिजिटल और नागरिक-उन्मुख सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' के अंतर्गत 'श्रमदान' का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

स्वच्छता और पर्यावरण स्थिरता के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का एक प्रेरक उदाहरण सामने आया है, जब पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने 25 सितंबर 2025 को 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान के तहत 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' थीम के अंतर्गत एक बृहत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस पहल में रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य (आरई) श्री रामेंद्र कुमार तिवारी, पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री प्रदीप कुमार, मंडल और स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और स्वयंसेवक शामिल हुए।



अभियान के तहत स्टेशन के सबसे व्यस्त हिस्सों में से एक, पार्सल कार्यालय क्षेत्र में व्यापक सफाई गतिविधियाँ संपन्न की गईं। इस अभियान में 50 से अधिक रेलवे अधिकारियों ने भाग लिया। लोअर परेल वर्कशॉप की रेलवे सांस्कृतिक टीम ने मुख्य प्रतीक्षालय में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें 120 से अधिक यात्रियों को स्वच्छता, अपशिष्ट पृथक्करण और व्यवहार परिवर्तन का संदेश दिया गया।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण

पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए मुंबई सेंट्रल के सर्कुलेटिंग गार्डन क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य श्री रामेंद्र कुमार तिवारी और अपर महाप्रबंधक श्री प्रदीप कुमार ने पौधे लगाए, जिससे रेलवे परिसर में हरित वातावरण और सौंदर्यवर्द्धन को बढ़ावा मिला।

# देवकुंज आई हॉस्पिटल ने किया नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

समाजसेवा और स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में देवकुंज आय हॉस्पिटल चॅरिटेबल ट्रस्ट, मुलुंड (प.) ने नवरात्रि के अवसर पर विशेष नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित करने की घोषणा की है। यह शिविर 22 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसमें सभी आयु वर्ग की महिलाएँ और वरिष्ठ नागरिक मात्र 100 रुपए में अपनी आँखों की जांच और आवश्यक उपचार करवा सकेंगे। शिविर में आधुनिक उपकरणों और अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों की सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी। संस्था के संस्थापक डॉ. शांतीलाल शहा और डॉ. कुसुम शहा के मार्गदर्शन में, वर्तमान में मॅनेजिंग ट्रस्टी सुनील रामनाथ सानप समाज कल्याण का कार्य आगे बढ़ा रहे हैं।

### स्वास्थ्य सेवा में समान अवसर और जागरूकता

वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञों ने इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आँखों की देखभाल हर नागरिक का अधिकार है और नियमित जांच से गंभीर रोगों को समय रहते रोका जा सकता है। डॉ. मृदुला भावे, डॉ. मोहिनी मोडक, डॉ. गीतांजलि वारवारकर और डॉ. सारंग वर्तिकर ने बताया कि मात्र 100 रुपए में उच्चस्तरीय आधुनिक चिकित्सा उपलब्ध कराना आमजन के लिए राहतकारी कदम है। स्थानीय निवासी नितिन देशमुख ने भी इसकी सराहना करते हुए कहा कि कम खर्च में उत्कृष्ट सेवा मिलना मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी मदद है। शिविर में सभी प्रकार की कैशलेस इंश्योरेंस सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी और यह नवरात्रि के अवसर पर समाज के लिए अनमोल दृष्टिदान साबित हो रहा है।

**पश्चिम रेलवे**

**सिग्नलिंग कार्य**

सीनियर डीएसटीई/उत्तर/मुंबई सेंट्रल, मुंबई सेंट्रल, दूसरी मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008, **निविदा सूचना संख्या: SG_216 2_129_WA, दिनांक 22.09.2025** आमंत्रित करते हैं। **कार्य और स्थान:** पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के विरार-जोरा वासन खंड के संजान, भिलाड, करमबेली, वापी, उदवाड़ा, पारदी, अतुल, वलसाड और डूंगरी में यार्ड के सुधार और उन्नयन के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **लगभग कार्य की लागत:** ₹2,14,11,383.47, **ईएमडी:** ₹2,57,100/- **जमा करने की तिथि और समय:** 27.10.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि एवं समय:** 27.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0632

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे के लिए सोशल मीडिया प्रबंधन एवं मीडिया विश्लेषण सेवाओं हेतु एजेंसी का चयन**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, खुले बाजार से इच्छुक एजेंसियों से निर्धारित आवेदन पत्र पर आवेदन आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| आवेदन पत्र संख्या एवं तिथि | WR-HQ0PR(PRSM)/2/2025, दिनांक 26/09/2025 |
| सेवा/कार्य का पूरा नाम | पश्चिम रेलवे के लिए सोशल मीडिया प्रबंधन एवं मीडिया विश्लेषण सेवाओं हेतु एजेंसी का चयन (दो वर्षों के लिए) |
| सेवा/कार्य की अनुमानित कुल लागत | **प्रति वर्ष लागत 4,08,51,600/-** (केवल चार करोड़ आठ लाख इक्यावन हजार छह सौ रुपए) (लागू जीएसटी सहित) **दो वर्षों की लागत - 8,17,03,200/-** (केवल आठ करोड़ सत्रह लाख तीन हजार दो सौ रुपए) (लागू जीएसटी सहित) |
| बयाना राशि | 5,58,520/- (केवल पाँच लाख अट्ठावन हज़ार पाँच सौ बीस रुपए) |
| आवेदन पत्र की लागत (वापसी योग्य नहीं) | **11,800/- (लागू जीएसटी सहित)** (केवल ग्यारह हजार आठ सौ रुपए) रेलवे काउंटर से नकद या वेबसाइट से डाउनलोड करने पर - **प्रधान वित्तीय सलाहकार, पश्चिम रेलवे, चर्चगेट, मुंबई के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर (यदि आवेदन पत्र डाक द्वारा चाहिए तो 500/- अतिरिक्त शुल्क लगेगा)** |
| पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड करने/जनसंपर्क कार्यालय से खरीदने की अंतिम तिथि | 17/10/2025 को दोपहर 1:00 बजे तक |
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 17/10/2025 को दोपहर 1:00 बजे तक |
| आवेदन खोलने की तिथि और समय | 17/10/2025 को दोपहर 1:30 बजे से |
| आवेदन जमा करने और आवेदन खोलने का स्थान | सीपीआरओ कार्यालय, तृतीय तल, चर्चगेट स्टेशन भवन, पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मुंबई-400020 |
| वेबसाइट का विवरण जहाँ से आवेदन पत्र, चयन प्रक्रिया और नियम व शर्तें आदि डाउनलोड की जा सकती हैं। | wr.indianrailways.gov.in |

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

# हरित महाराष्ट्र अभियान के तहत बांस के पौधों का वितरण



**ओपी यादव । विरार**

वसई विरार नगर निगम और वन विभाग के संयुक्त प्रयास से 'हरित महाराष्ट्र, समृद्ध महाराष्ट्र' अभियान के तहत 24 सितंबर 2025 को महावीरधाम चैरिटेबल ट्रस्ट, शिरसाड, मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग के पास के.टी. रिसॉर्ट के सामने 'एक लाख बांस के पौधों का वितरण' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय गणेश नायक, मंत्री, वन एवं पालघर जिले के संरक्षक मंत्री की प्रमुख उपस्थिति में नगर निगम आयुक्त मनोजकुमार सूर्यवंशी, मुख्य वन संरक्षक, अतिरिक्त आयुक्त, विभागीय वन अधिकारी, विशेष कार्य अधिकारी, उप-आयुक्त और अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा वनहक्क कानून के तहत मान्यता प्राप्त लाभार्थी और अन्य मान्यवर उपस्थित थे।

### 1 लाख बांस के पौधे की खरीदी

नगर निगम आयुक्त सूर्यवंशी ने बताया कि नगर निगम वनहक्क दावों वाली जमीनों की पहचान कर वहां बांस की रोपाई को प्रोत्साहित करने के लिए 1 लाख बांस के पौधे खरीदकर लाभार्थियों को मुफ्त वितरित करेगा। इसके साथ ही रोपों की देखभाल और संरक्षण के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, नगर निगम उद्यानों, शवभूमि, खुली जगहों, सरकारी और आरक्षित भूखंडों, STP प्लांट और धुकटन जलशोधन केंद्र में वन विभाग के सहयोग से बांस के पौधों की रोपाई करेगा। मंत्री गणेश नायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण और पेड़ों का संरक्षण जरूरी है, और राज्य में अगले 5 वर्षों में 250 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और राज्यगान के साथ हुआ।

# 2,458 मेगावाट क्षमता वाली 454 सौर ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन

**▶▶ प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत की**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



सौर ऊर्जा परियोजनाएँ अब दिन में किसानों को बिजली उपलब्ध कराकर उनकी आर्थिक आय दोगुनी कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में 2,458 मेगावाट क्षमता वाली 454 सौर ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अन्य अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हो रहा है और किसानों को खेती के लिए बिजली और पानी की निरंतर आपूर्ति मिल रही है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने और कम लागत में अधिक आय देने वाली फसल प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

पीएम कुसुम सी - मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के तहत छह लाख किसानों को दिन में बिजली मिल रही है। इससे 32.08 लाख एकड़ भूमि सिंचाई के अंतर्गत आ गई है। राज्य ने अब तक 6,46,694 सौर कृषि पंप स्थापित किए हैं और देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस योजना के कारण 20.95 लाख एकड़ भूमि और सिंचाई के अंतर्गत आई है। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से बातचीत कर उनकी सफलता की कहानियाँ जानी।

# मुंबई में जारी रहेगा स्वास्थ्य व स्वच्छता अभियान: शिंदे

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबईवासियों के स्वस्थ जीवन और सुंदर शहर के लिए गहन स्वच्छता अभियान लगातार जारी रहेगा। उपमुख्यमंत्री एवं पालक मंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि स्वच्छता के साथ-साथ मुंबई मनपा प्रशासन पर्यावरण संरक्षण के लिए भी विभिन्न उपाय लागू कर रहा है और राज्य के अन्य नगरपालिकाओं को इसका अनुसरण करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने गुरुवार को कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा के साथ मेट्रो सिनेमा से फैशन स्ट्रीट क्षेत्र में सामूहिक स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अभियान में सड़कों और फुटपाथों की सफाई की गई, पानी से धोया गया और स्वच्छता की सामूहिक शपथ भी ली गई। शिंदे ने कहा कि स्वच्छता अभियान पूरे वर्ष, 365 दिन निरंतर जारी रहना चाहिए।

## ठोस कचरे की निगरानी और जनभागीदारी



नगर विकास विभाग ने लगभग 19,940 स्थानों की पहचान की है जहां ठोस कचरा डाला जाता है। इन स्थानों के स्वच्छता लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। राज्य भर में 6,317 जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा स्वच्छता मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छ हरित महोत्सव और विभिन्न सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पर्यावरण संरक्षण और मुंबई सेंट्रल पार्क

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बीएमसी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया है और एक लाख से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। महालक्ष्मी रेसकोर्स और मुंबई कोस्टल रोड सहित लगभग 300 एकड़ जमीन पर 'मुंबई सेंट्रल पार्क' का निर्माण जल्द ही शुरू होगा। साथ ही सड़कों को गड्ढों से मुक्त करने के लिए कंक्रीटीकरण का काम जारी है, जिसे अगले डेढ़ से दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# बांद्रा–कुर्ला पॉड टैक्सी परियोजना में तेजी लाने के निर्देश



दीपक पवार । मुंबई

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बांद्रा से कुर्ला पॉड टैक्सी परियोजना को देश की एकमात्र और आदर्श परियोजना बताते हुए इसके कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने इस परियोजना पर आवास पर आयोजित प्रस्तुति में भाग लिया, जिसमें उनके साथ मुख्य सचिव असीम गुप्ता, प्रमुख सचिव नवीन सोना, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी, अतिरिक्त आयुक्त अश्विन मुदगल, पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुंभारे और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पॉड टैक्सी सेवा कुर्ला और बांद्रा रेलवे स्टेशनों के बीच बीकेसी में महत्वपूर्ण होगी। आठ किलोमीटर की इस दूरी में 33 स्टेशन होंगे, जो नागरिकों को ट्रैफिक की भीड़ से राहत देने में मदद करेंगे। इस परियोजना के शुरू होने से निजी वाहन उपयोग कम होगा और सड़क यातायात को नियंत्रित करने में भी सहायक होगी, जिससे शहर में यातायात सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जाएगा।

# महाराष्ट्र के चुनाव में उतरेगा नामदेवराव जाधव का 'सनय छत्रपति शासन' पार्टी

## प्राचार्य नामदेवराव जाधव ने मुंबई में की पहली पत्रकार परिषद

देवेंद्र नाथ जैसवार । मुंबई

शिवाजी – द मैनेजमेंट गुरु जैसी प्रसिद्ध पुस्तक के लेखक और उद्यमी प्राचार्य नामदेवराव जाधव ने अपनी राजनीतिक पार्टी "सनय छत्रपति शासन" के माध्यम से महाराष्ट्र की राजनीति में उतरने की घोषणा की है। आज मुंबई में आयोजित पहली पत्रकार परिषद में उन्होंने पार्टी की विचारधारा और आगामी चुनावों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पार्टी पूरी ताकत से स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के आगामी चुनावों में हिस्सा लेगी।



## सिंगापुर मॉडल की झलक महाराष्ट्र में

पार्टी अध्यक्ष ने यह भी कहा कि चुनाव जीतने के बाद कुछ नागरिकों को सिंगापुर ले जाकर दिखाया जाएगा कि सुशासन और कार्य प्रणाली कैसे काम करती है। यह पहल लोगों को पारदर्शी प्रशासन का अनुभव कराने के उद्देश्य से की जाएगी।

## भ्रष्टाचार-मुक्त और रोजगारयुक्त महाराष्ट्र का लक्ष्य

नामदेवराव जाधव ने कहा कि उनकी पार्टी का मुख्य उद्देश्य महाराष्ट्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने वादा किया कि प्रत्येक महापालिका क्षेत्र में एक लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा और इसके लिए आवश्यक संसाधनों जैसे स्थान, प्रशिक्षण और सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

## चुनावी फंड जनता से, बैलेट वोटिंग की मांग

सनय छत्रपति शासन पार्टी चुनावों में जनता की भागीदारी से चुनावी फंड इकट्ठा करेगी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि EVM मशीनें ठीक हो सकती हैं, तो भारत में बैलेट पेपर से मतदान क्यों नहीं हो सकता? कई विकसित देशों में अब भी बैलेट वोटिंग प्रणाली अपनाई जाती है, तो भारत में इसे फिर से लागू करने की मांग की जानी चाहिए। प्राचार्य जाधव ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी राज्य के बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा करेगी और सरकार से यह मांग करेगी कि बाढ़ पीड़ितों को आगामी पांच वर्षों तक पर्याप्त सहायता दी जाए।


**पश्चिम रेलवे**
**मरम्मत कार्य**
मंडल रेल प्रबंधक (पश्चिम रेलवे), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008, **निविदा सूचना संख्या: BCT/25-26-233, दिनांक 22.09.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान:** उकैसोंगहाड़ - जलगाँव खंडः एसएसई (पश्चिम) नंदुरबार खंड के अधिकार क्षेत्र में 730 मानव-दिवसों के लिए आउटसोर्सिंग द्वारा दैनिक आधार पर आवश्यकता-आधारित मरम्मत। **कार्य की अनुमानित लागत:** 87,12,223.40 **बयाना राशि:** 1,74,300/- **जमा करने की तिथि और समय:** 17.10.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 17.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। मैन्युअल प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।
0636
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**स्टील गर्डर कार्य**
उप मुख्य अभियंता (पुल-लाइन)-दादर, पश्चिम रेलवे, **ई-निविदा सूचना संख्या: DYCE-BR-DDR-2025-15, 22.09.2025 आमंत्रित करते है। कार्य का नाम:** सफाले-सूरत पुल संख्या 228 (7x18.30) के मौजूदा बीजीएमएल मानक स्टील गर्डर 18.30 मीटर की पुनः गर्डरिंग, केवल स्पैन संख्या 7, 284 (1x18.30), 288 (2x18.30) और 352 (1x18.30), मुंबई सेंट्रल मंडल के एसएसई (ब्रिज) वलसाड के अधिकार क्षेत्र में सफले-सूरत खंड में मुंबई मंडल के 25 टन एक्सल लोडिंग मानक स्टील गर्डर के साथ। **कार्य की अनुमानित लागत:** 2,79,24,090.73 अग्रिम राशि: 2,89,600/- **जमा करने की तिथि और समय:** 16.10.2025, 15:00 बजे तक। **आवेदन खोलने की तिथि और समय:** 16.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
0631
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
मुंबई मंडल
**शुद्धिपत्र संख्या 2**
**निविदा सूचना नं. सीआर-बीबी-टेली-2025-42**
निविदा सूचना नं. सीआर-बीबी-टेली-2025-42 के लिये **शुद्धिपत्र संख्या 2** जारी किया गया है। **1.** निविदा समाप्ति तिथि समय 15/10/2025 15:00 संशोधित की गई है। **2.** निविदा दस्तावेज़ अपलोड किया गया है। **3.** Conditions में नए आइटम जोड़े गए, condition type- Undertakings'. **4.** Conditions में नए आइटम जोड़े गए, condition type 'Mandatory documents' **5.** NIT Condition में आइटम हटाए गए, condition type 'Mandatory documents' अन्य सभी विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं। यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।
**मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दू.सं.)**
SUN 492 **छ.शि.म.ट. मुंबई**
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

# कृषि समृद्धि योजना का लाभ अंतिम किसान तक पहुंचाएं : कृषि मंत्री

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे ने गुरुवार को पुणे में कहा कि कृषि विभाग की महत्वाकांक्षी कृषि समृद्धि योजना के तहत करोड़ों रुपये सीधे गाँव स्तर के अंतिम किसानों तक पहुँचाए जाएँ। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं के कारण संकट में फंसे किसानों की मदद करने का भी निर्देश दिया। यह निर्देश मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को आज दिए।
पुणे में महाराष्ट्र कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान परिषद में कृषि समृद्धि योजना की समीक्षा बैठक कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने बताया कि यह योजना किसानों के सर्वांगीण और सतत विकास के लिए शुरू की गई है। इसके तहत हर साल 5 हजार करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया जाएगा, जबकि पाँच वर्षों में किसानों की कृषि योजनाओं के लिए 25 हजार करोड़ रुपये का कोष उपलब्ध कराया जाएगा।



## कृषि क्षेत्र में सुधार और विकास पर चर्चा

बैठक में कृषि क्षेत्र में पूंजी निवेश बढ़ाने, बुनियादी ढाँचे के निर्माण, उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण, मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने, जलवायु अनुकूल और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। कृषि मंत्री ने योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपयुक्त उप–योजनाएँ बनाने के आदेश दिए। इसका उद्देश्य किसानों को योजना का अधिकतम लाभ पहुँचाना और राज्य में कृषि क्षेत्र के सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

**पश्चिम रेलवे**
**आरपीएफ बैरक, प्रशिक्षण केंद्र और परेड ग्राउंड का सुधार**
मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008, **ई-निविदा सूचना संख्या: बीसीटी/25-26/234, दिनांक 22.09.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान:** विरार जोरावासन खंड।वलसाड में एडीईएन (एन) वलसाड के अधिकार क्षेत्र में आरपीएफ बैरक, प्रशिक्षण केंद्र और परेड ग्राउंड का सुधार। **कार्य की अनुमानित लागत:** 73,36,230.09 **बयाना राशि:** 1,46,700/-**जमा करने की तिथि और समय:** 17.10.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि एवं समय:** 17.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ।
0634
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**सिग्नलिंग कार्य**
वरिष्ठ डीएसटीई/उत्तर/मुंबई सेंट्रल, मुंबई सेंट्रल, द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई- 400008 से **निविदा सूचना संख्या: SG 216_ 2_130_WA, दिनांक 22.09.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान:** पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के विरार-जोरा-वासन खंड के सफले, केल्वे रोड, पालघर, बोईसर, वनगांव, दहानू रोड, गोलवाड़, उंबरगाम में यार्ड के सुधार एवं उन्नयन के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,88,58,322.34 **अग्रिम राशि:** 2,44,300/- **जमा करने की तिथि एवं समय:** 27.10.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि एवं समय:** 27.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ।
0633
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
मुंबई मंडल
**खुली ई–निविदा सूचना स. BB.LD.583.P.Rev.25/10.ContR1 दिनांक 23-09-2025**
**कार्य का नाम** : मुंबई डिवीजन में सुरंगो (नूतन, एमबीक्यू, पारसिक, बेलापुर एचबी और बीएसयू लाइन) के अंदर रैग बोल्ट का प्रावधान। **अनुमानित लागत** : रू. 1,38,02,883/–, **बिड सिक्योरिटी** : रू. 2,19,000/–, **ऑफर की वैधता** : 60 दिन, **समापन अवधि** : 12 महीने, **निविदा फार्म का मूल्य** – रु. 0/–, 1) उक्त निविदा का, निविदा बंद करेने की तारीख और समय : दिनांक 15.10.2025 को 11:00 बजे तक, और 11:00 बजे के बाद खोला जाएगा। 2) शुद्धिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भेट देने का अनुरोध है। 3) केवल वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्ट्रॉनिकलि ई–टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई–टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है। हस्तचलित रुप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। 4) निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। 5) अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएम टी मुंबई– 400001, फोन – 022-22612355. निवीदओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएमटी मुंबई–400001 के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।
SUN 494 **वरि. मंडल विद्युत इंजिनीयर (क./वि.)**
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

# रानी बाग में शेर का इंतजार



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

भायखला स्थित वीरमाता जिजाबाई भोसले वनस्पति उद्यान (रानी बाग) में जंगल के राजा शेर का पिंजरा लंबे समय से खाली है। यहां आने वाले पर्यटक शेर को देखने के लिए उत्सुक हैं। रानी बाग प्रबंधन ने पोस्टर लगाकर आश्वस्त किया है कि शेर जल्द ही आएंगे। रानी बाग प्रबंधन ने नए तैयार बाड़े में शेर की तस्वीर वाला पोस्टर लगाया है, जिसमें लिखा गया है कि शेर जल्द लौटेंगे। पिछले 12 वर्षों से शेरों के आगमन का इंतजार जारी है। बीएमसी प्रशासन ने भी कहा है कि शेर लाने के प्रयास चल रहे हैं।

## गुजरात से शेर लाने की तैयारी

बीएमसी अधिकारियों के अनुसार, गुजरात में एशियाटिक शेरों की संख्या अधिक है। जूनागढ़ और राजकोट के चिड़ियाघरों में अतिरिक्त शेर हैं। बीएमसी ने गुजरात प्रशासन को पत्र लिखकर कम से कम एक शेर प्रदर्शन के लिए लाने का अनुरोध किया है। इस वर्ष के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में शेरों की व्यवस्था करने की योजना है।

## रानी बाग के शेरों का इतिहास

रानी बाग में पहले 5 से 10 शेर रहते थे, जिनमें एशियाई और अफ्रीकी-एशियाई शेर शामिल थे। अफ्रीकी-एशियाई शेर 'जिमी' की लंबी बीमारी के बाद 2014 में मृत्यु हुई, तब से शेर नहीं हैं। जिमी पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण था। शेरों के आदान-प्रदान के लिए अन्य चिड़ियाघरों से कोई जानवर उपलब्ध नहीं है, जबकि पेंगुइन का प्रस्ताव महंगे देखभाल खर्च के कारण स्वीकार नहीं हुआ।

**मध्य रेल**
**मुंबई मंडल में विभिन्न कार्य**
**खुलीई- निवीदासूचनासं–मरे/मरेप्र(कार्य) बीबी/2025/29 दिनांक- 23.09.2025**
**क्रम संख्या-1. कार्य का नाम** - वाडबंदर में जल आपूर्ति वाल्व, पंप रूम, भंडारण टैंकों का संचालन और जल आपूर्ति का वितरण। (दो वर्ष के लिए)। लगभग मूल्य रू में 40.96, बयाना राशि रू में–81900 समापन अवधि 24 महीने।
**क्रम संख्या- 2. कार्य का नाम:** 1) सीएसएमटी - सीएसएमटी में नए एनेक्सी भवन की टपकती छत शीट, वैली गटर, डाउनटेक पाइप की मरम्मत। 2) सीएसएमटी स्टेशन पर पुराने एनेक्सी भवन और पार्सल भवन की टपकती छत शीट, वैली गटर, डाउनटेक पाइप की मरम्मत। 3) वाडीबंदर - एसएसई/डब्ल्यू/वाडीबंदर के अंतर्गत पार्सल कार्यालय और सर्कुलेटिंग एरिया की मरम्मत। 4) रे रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2 का ऊंचा और पुनः सतहीकरण। लगभग मूल्य रू में 316.27 लाख बयाना राशि रू में 308100 समापन अवधि 10 महीने।
**क्रम संख्या- 3. कार्य का नाम** - ए) (1) एडीईएन टी कल्याण के अधीन माथेरान और अमनलॉज में सर्विस बिल्डिंग, सीओपी शेड, पीएफ फ्लोर, बाड़, जलापूर्ति और सीवेज लाइन इत्यादि के विविध मरम्मत कार्य। (2) एडीईएन टी कल्याण के अधीन वाटरपाइप और जुमापट्टी में सर्विस बिल्डिंग, पीएफ इत्यादि के विविध मरम्मत कार्य। बी) 1) कल्याण-कर्जत और नेरल-माथेरान पर लेवल क्रॉसिंग गेट लॉज की मरम्मत। 2) कल्याण-कर्जत सेक्शन के मध्य भाग में एस एंड टी और ओएचई संरचना की मरम्मत। 3) कल्याण-कर्जत सेक्शन पर गैंग हट (07) की मरम्मत। 4) कल्याण-कर्जत सेक्शन के मध्य भाग में गेट लॉज, एस एंड टी संरचना, ओएचई संरचनाओं की पेंटिंग। ग) एडीईएन (ट्रैक) कल्याण के अधीन पनवेल-कर्जत खंड में पुल संख्या 72/1 पर हाइट गेज का प्रावधान। लगभग मूल्य रू में 218.75 लाख ।बयाना राशि रू में 259400 समापन अवधि 12 महीने।
उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र.1 और 2 दिनांक 10.10.2025, क्र.3 दिनांक 14.10.2025 को 15.00 बजे तक और 15.00 बजे के बाद खोला जाएगा निविदा और शुद्धिपत्र के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भेट देने का अनुरोध है। इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप सेटेंडर से ऊपर ई-टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई-टेंडर के खिलाफ मैनुअल स्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा। www.ireps.gov.in वेबसाइट में प्राकृति क नियम के अनुसार उपलब्ध किए गएई पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : मंडल रेल प्रबंध क (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल।फोन– 022-67455323, यह विदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16.9.2017 के अनुरूप है । निवीदाओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र केऊपर, छशिमटमुंबई–400001 के "नोटिसबोर्ड" पर भी उपलब्ध है।
**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), मुंबई छशिमट**
SUN 496 खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

# पश्चिम रेलवे पांच जोड़ी विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाएगा

| ट्रेन सं. | कहां से | कहां तक | दौड़ का दिन | विस्तारित दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 09061 | बांद्रा टर्मिनस | बरौनी | सोमवार | 24.11.2025 |
| 09062 | बरौनी | बांद्रा टर्मिनस | गुरुवार | 27.11.2025 |
| 09033 | उधना | बरौनी | मंगलवार और शनिवार | 25.11.2025 |
| 09034 | बरौनी | उधना | गुरुवार और सोमवार | 27.11.2025 |
| 09041 | उधना | बलिया | गुरुवार | 27.11.2025 |
| 09042 | बलिया | उधना | शुक्रवार | 28.11.2025 |
| 09067 | उधना | जयनगर | रविवार | 23.11.2025 |
| 09068 | जयनगर | उधना | सोमवार | 24.11.2025 |
| 09069 | उधना | समस्तीपुर | रविवार | 23.11.2025 |
| 09070 | समस्तीपुर | उधना | मंगलवार | 25.11.2025 |

ठहराव के समय और संशोधित संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ।

ट्रेन संख्या 09061, 09033, 09041, 09067 और 09069 की विस्तारित यात्राओं की बुकिंग 26.09.2025 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

WESTERN RAILWAY
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly
Follow us on: Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

**पश्चिम रेलवे**
**विद्युत शक्ति कार्य**
वरिष्ठ डीईई/पी/बीसीटी, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 **निविदा सूचना संख्या: EL-81-908-WA-10 (R-2), दिनांक 22.09.2025 आमंत्रित करते। हैं। कार्य एवं स्थान:** धुले-नारदाना नई लाइन परियोजना (50.060 किमी) के संबंध में नारदाना यार्ड रीमॉडलिंग - विद्युत (विद्युत) कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** 83,58,895/- **बयाना राशि:** 1,67,200/- **जमा करने की तिथि एवं समय:** 16.10.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि एवं समय:** 16.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ।
0629
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**
जा. क्रमांक: SRA/CO/OW/19012 / वर्ष 2025
दिनांक: 25.09.2025
**-: ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से फ्लैटों के आवंटन हेतु सूचना:-**
श्री भैरवनाथ एस.आर.ए. कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, सी.एस. क्रमांक 438 (पीटी), 597 (पीटी), 612 (पीटी), 613, 614, 615, 616 (पीटी), 617, 618 (पीटी), 619 (पीटी), 620 (पीटी), 649 (पीटी), 650 (पीटी) दादर नायगांव डिवीजन, वडाला (पश्चिम), मुंबई- 400 031 इस संगठन की पुनर्वास योजना के डेवलपर मेसर्स डिग्निटी रियल्टी एंड हाउसिंग ने प्राधिकरण के परिपत्र क्रमांक 162/दिनांक 23.10.2015 के अनुसार माननीय को पुनर्वास भवन में 118 आवासीय फ्लैट वितरित किए हैं। मुझे सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां (मुंबई शहर), बृहन्मुंबई द्वारा दिनांक 18.09.2025 के पत्र द्वारा प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया था।
तदनुसार, दिनांक 18.09.2025 को 118 पात्र झुग्गीवासियों की सूची प्रकाशित की गई तथा 24/09/2025 तक आपत्तियाँ आमंत्रित की गईं। इस पर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। **तदनुसार, विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में पात्र झुग्गीवासियों को सोसायटी की पुनर्वास योजना के पुनर्वास भवन में 118 आवासीय फ्लैटों का लॉटरी के माध्यम से वितरण शुक्रवार, 29.09.2025 को दोपहर 12.30 बजे, स्थान: प्राधिकरण कार्यालय में ज़ूम ऐप पर कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा।**
**-: बैठक का विषय:-**
झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण के परिपत्र क्रमांक 162, दिनांक 23.10.2015 के अनुसार, पुनर्वास योजना भवन में कुल 118 आवासीय फ्लैटों का आवंटन ज़ूम ऐप पर ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।
मीटिंग आईडी: 891 16325762
पासकोड: 123456
स्थान: मुंबई
दिनांक: 25.09.2025
सही/-
**(वीरधवल जाधव)**
प्राधिकृत अधिकारी एवं सहकारिता अधिकारी, (वर्ग-2), अंचल कार्यालय, बृहन्मुंबई
**नोट:** 1) केवल पात्र (पति/पत्नी) झोपड़ीधारक ही दिए गए समय और तिथि पर ऑनलाइन लॉटरी में भाग लें।
2) लॉटरी के समय, जिन झोपड़ीधारकों के नाम परिशिष्ट-2 में पात्र हैं, जैसे नेत्रहीन, विकलांग, विधवा महिला परिवार की मुखिया, वे पुनर्वास भवन के निचले तल पर स्थित फ्लैटों के लिए प्राधिकरण की ईमेल आईडी stavcmumbai@gmail.com पर 26/09/2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक आवेदन करें। यदि आवेदक द्वारा लिखित अनुरोध किया जाता है, तो परिपत्र के प्रावधानों के अनुसार फ्लैट आवंटित किया जाएगा। इस समूह के व्यक्तियों को ईमेल आईडी पर अपने अंधे, विकलांग, विधवा होने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**
**ई-निविदा विज्ञापन**

| | | |
|---|---|---|
| विभाग | : | जल अभियंता विभाग |
| उपखंड | : | उप-जल अभियंता भांडुप परिसर |
| महाटेंडर टेंडर नं | : | 2025_एमसीजीएम_1203254_1 |
| विषय | : | 110 केवी सबस्टेशन भांडुप कॉम्प्लेक्स में रखरखाव कार्य के लिए इलेक्ट्रिक पैनल केबल रील ड्रम, पोर्टेबल रिचार्जेबल एलईडी लैंप और इम्मैक्ट रिंच सेट की खरीद |
| निविदा बिक्री | : | दिनांक: 26.09.2025 प्रातः 09.00 बजे से दिनांक: 09.10.2025 सायं 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | : | :https://mahatenders.gov.in https://portal.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी | : | सहायक अभियंता (110 केवी सबस्टेशन) बी.ई. |
| ए)नाम | : | श्री राजेंद्र पी. धनवाड़े |
| ब)टेलीफोन (कार्य) | : | 022-25658539 |
| क)मोबाइल नं. | : | 9930260383 |
| ड)ई-मेल पत्ता | : | aesubstnbc.he@mcgm.gov.in |

हस्ता/-
पीआरओ/ 1726/ विज्ञा./2025-26 कार्यकारी अभियंता (उ.उ.स्का.) भांडुप संकुल
समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform that **MR. UMER ABBAS KHOPEKAR**, the Principal tenant of the premises being **"ROOM NO. 4"**, on the 1st floor in the building known as Anand Bhuvan, situated at 102, Keshavji Naik Road, New Chinch Bunder, Dongri, Mumbai- 400 009 admeasuring 167.91 square feet i.e. equal to 15.59 square meters has been missing and untraceable since a couple of years and an FIR is also filed dated 07.10.2019 for his missing complaint.
That **MRS. KHATIJABI UMER KHOPEKAR**, the wife of the Principal tenant has executed an agreement for the permanent alternate accommodation in lieu of the aforementioned room with the developers named M/s Earth Graphics with regards to the redevelopment of the aforementioned property.
Any person or persons having any claim, right, title and interest into or upon the above mentioned premises in use and occupation of the above referred Tenants/ Occupants either by way of inheritance, mortgage, sale, gift, lease, lien, charge, trust, maintenance, right of residence, easement, licence or otherwise whatsoever is required to make the same known in writing to the undersigned at Room No 22, 1st Floor, Chatriwala Building, Dongri Bazaar, Dongri Charnull, Near Habib Hospital, Mumbai 400 009, within 15 days from the date hereof failing which all claims, if any, will be considered to have been waived.
**Schedule**
The Premises being **"ROOM NO. 4"** admeasuring 167.91 square feet i.e. equal to 15.59 square meters, on the 1st Floor, Anand Bhuvan Building, Chinch Bunder, Keshavji Naik Road, Mumbai- 400 009", on the land bearing Cadastral Survey No.29/1721 of Mandvi Division.
Sd/-
Mrs. Khatijabi Khopekar
**Date:** 26.09.2025
**Place:** Mumbai


संपादकीय

# विकास, सुरक्षा और सामाजिक चुनौतियाँ

वर्तमान समय में भारत विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिवर्तनों से गुजर रहा है, जो देश की आंतरिक और बाहरी नीतियों पर गहरा प्रभाव डाल रहे हैं। उत्तर प्रदेश में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो ने निवेश और विकास की नई दिशा दिखाई है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों, बेहतर कनेक्टिविटी, एक्सप्रेसवे, इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स और डिफेंस कॉरिडोर की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस तरह के निवेश से व्यापार को नई ऊर्जा मिली है और प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होने के साथ-साथ नागरिकों के लिए रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न हो रहे हैं। महिला सुरक्षा को लेकर भी उत्तर प्रदेश सरकार ने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमें थानों में महिला हेल्प डेस्क, ग्रामीण क्षेत्रों में महिला बीट प्रणाली, 1090 हेल्पलाइन और एंटी रोमियो स्क्वॉड जैसी पहलें शामिल हैं, जिससे सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है और अपराध निस्तारण दर 98% से अधिक तक पहुंच गई है। वहीं पंजाब के लुधियाना जिले में सतलुज नदी के बाढ़ प्रभावित गांवों ने सेना की मदद की मांग की है और स्थानीय प्रशासन व राज्य सरकार से स्थायी समाधान की उम्मीद की जा रही है, जबकि विपक्षी दलों ने भी सरकार की कार्रवाई की धीमी गति पर सवाल उठाए हैं। इसके अलावा राज्य के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक सूचनाओं में पंजाबी भाषा की कमी ने भाषा कार्यकर्ताओं और यात्रियों के बीच चिंता पैदा कर दी है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सामाजिक-सांस्कृतिक मुद्दों पर भी तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। इस पूरी परिप्रेक्ष्य में यह देखा जा सकता है कि भारत में विकास, सुरक्षा, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन और सांस्कृतिक संरक्षण सभी एक साथ चल रहे हैं और इन सभी क्षेत्रों में सरकार की नीतियाँ और उनका प्रभावी कार्यान्वयन ही देश की समृद्धि, सुरक्षा और सामाजिक समरसता सुनिश्चित कर सकते हैं। इस प्रकार वर्तमान समय में भारत एक चुनौतीपूर्ण, लेकिन संभावनाओं से भरे हुए दौर से गुजर रहा है, जिसमें निरंतर सुधार और सतत प्रयास देश को एक सुरक्षित, समृद्ध और समावेशी राष्ट्र के रूप में उभारने की दिशा में निर्णायक साबित होंगे।

## शख्सियत — डॉ मनमोहन सिंह

### अर्थशास्त्रज्ञ और दूरदर्शी प्रधानमंत्री



डॉ मनमोहन सिंह (26 सितंबर 1932 - 26 दिसंबर 2024) एक भारतीय अर्थशास्त्री, नौकरशाह, शिक्षाविद और राजनेता थे जिन्होंने 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। वह जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी के बाद चौथे सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री थे।

सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को ब्रिटिश भारत के पंजाब के गाह में खत्री पृष्ठभूमि के पंजाबी सिख सूखे मेवे के व्यापारियों के परिवार में गुरमुख सिंह कोहली और अमृत कौर के घर हुआ था। जब वह बहुत छोटे थे तब उनकी माँ का निधन हो गया था। उनका पालन-पोषण उनकी नानी जमना देवी ने किया, जिनके साथ वह बहुत करीब थे।

आज के पाकिस्तान के गाह में जन्मे सिंह का परिवार 1947 में विभाजन के दौरान भारत आ गया था। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के बाद, सिंह ने 1966-1969 के दौरान संयुक्त राष्ट्र के लिए काम किया। इसके बाद उन्होंने अपना नौकरशाही करियर शुरू किया जब ललित नारायण मिश्रा ने उन्हें वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में सलाहकार के रूप में नियुक्त किया। 1970 और 1980 के दशक के दौरान, सिंह ने भारत सरकार में कई प्रमुख पदों पर कार्य किया, जैसे कि मुख्य आर्थिक सलाहकार (1972-1976), रिजर्व बैंक के गवर्नर (1982-1985) और योजना आयोग के प्रमुख (1985-1987)। 1991 में, प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव के तहत, सिंह को वित्त मंत्री नियुक्त किया गया। अगले कुछ वर्षों में, कड़े विरोध के बावजूद, उन्होंने कई संरचनात्मक सुधार किए, इसके बाद, 1998-2004 की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान सिंह राज्यसभा में विपक्ष के नेता रहे। 2004 में, जब कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सत्ता में आया, तो उसकी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अप्रत्याशित रूप से प्रधानमंत्री पद सिंह को सौंप दिया। उनके पहले मंत्रालय ने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और सूचना का अधिकार अधिनियम सहित कई प्रमुख कानूनों और परियोजनाओं को क्रियान्वित किया। 2008 में, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौते के विरोध के कारण वाम मोर्चा दलों द्वारा अपना समर्थन वापस लेने के बाद सिंह की सरकार लगभग गिर गई थी। 2009 के आम चुनाव में UPA ने बढ़े हुए जनादेश के साथ वापसी की, जिसमें सिंह ने प्रधानमंत्री का पद बरकरार रखा। 2009 में, ब्रिक्स की स्थापना हुई, जिसमें भारत संस्थापक सदस्यों में से एक था। सिंह ने 2014 के भारतीय आम चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री पद की दौड़ से बाहर होने का विकल्प चुना। सिंह ने राज्यसभा के सदस्य के रूप में कार्य किया, 1991 से 2019 तक असम राज्य का और 2019 से 2024 तक राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। मई 2020 में, सिंह को उनकी दवा से नकारात्मक प्रतिक्रिया के कारण अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अस्पताल में भर्ती कराया गया। अप्रैल 2021 में, सिंह को COVID-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। अक्टूबर 2021 में, कमजोरी और बुखार का अनुभव होने के बाद सिंह को फिर से अस्पताल में भर्ती कराया गया।

26 दिसंबर 2024 को, सिंह नई दिल्ली में अपने घर पर गिर पड़े और उन्हें एम्स दिल्ली के आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया। 92 वर्ष की आयु में अस्पताल में भर्ती होने के कुछ घंटों बाद सिंह का निधन हो गया। सरकार ने बाद में 1 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय शोक की अवधि की घोषणा की और 28 दिसंबर को नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर उनके अंतिम संस्कार में सिंह को राजकीय अंतिम संस्कार दिया गया।

# नवरात्रि, प्रसाद और पालन-पोषण: आस्था में विवेक का महत्व





प्रियंका सौरभ
रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस, कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार, उब्बा भवन, आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

नवरात्रि में हलवा-पूरी जैसे पारंपरिक प्रसाद का महत्व है, लेकिन यह केवल इंसानों के लिए ही सुरक्षित है। गाय का पाचन तंत्र इंसानों से भिन्न होता है, इसलिए घी, चीनी और मैदे से बनी चीज़ें उन्हें हानिकारक हो सकती हैं। इस दौरान गायों को केवल हरी घास, भूसा, फल और चारा देना चाहिए। श्रद्धा और सुरक्षा एक साथ चल सकती है। नवरात्रि का उद्देश्य केवल भक्ति नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण आस्था और पशु संरक्षण भी है। संतुलन बनाए रखते हुए हम परंपरा और पशु कल्याण दोनों निभा सकते हैं।

नवरात्रि, भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्था का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। यह केवल नौ दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह भक्ति, संयम, स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। नवरात्रियों के दौरान भक्त अपने घरों और मंदिरों में देवी दुर्गा की पूजा करते हैं और भोजन तथा खान-पान पर विशेष ध्यान देते हैं। हलवा-पूरी, चने की दाल, फल और अन्य पारंपरिक व्यंजन इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखते हैं। इन व्यंजनों का स्वादिष्ट और पवित्र होना उन्हें एक धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बनाता है।

हालांकि, इस पवित्र परंपरा के बीच एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है: क्या नवरात्रियों में बनाए जाने वाले ये व्यंजन केवल मानव उपभोग के लिए ही सुरक्षित हैं, या इन्हें हमारे पवित्र मित्र, जैसे गाय, को भी दिया जा सकता है? यह प्रश्न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और पारिस्थितिक संतुलन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। नवरात्रियों में हलवा-पूरी का प्रसाद मुख्य रूप से गेहूं के आटे, घी और चीनी से तैयार किया जाता है। इसके स्वाद और सुगंध से भक्त आनंदित होते हैं और इसे देवी की भक्ति का प्रतीक मानते हैं। हलवा-पूरी का आनंद लेना न केवल उत्सव का हिस्सा है, बल्कि यह पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को भी मजबूत करता है। हालांकि, इसके स्वास्थ्य पहलू पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी है।

इंसानों के लिए हलवा-पूरी सीमित मात्रा में ऊर्जा और संतोष प्रदान करती है। परंतु, अत्यधिक मात्रा में इसे खाना पाचन समस्याएँ, वजन बढ़ना और अन्य स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। नवरात्रियों के दौरान लोग अक्सर फल, हल्का सत्त्विक भोजन और दूध जैसी चीज़ों का सेवन करते हैं, ताकि शरीर और मन दोनों को शुद्ध किया जा सके। इसलिए, हलवा-पूरी का सेवन संयमित और सोच-समझकर होना चाहिए।

अब सवाल उठता है कि क्या गाय को भी हलवा-पूरी दी जा सकती है। हिंदू धर्म में गाय को अत्यंत पवित्र माना गया है। इसे माता का दर्जा प्राप्त है और धार्मिक ग्रंथों में उनकी सेवा और संरक्षण का विशेष महत्व बताया गया है। लेकिन, गायों का पाचन तंत्र इंसानों से भिन्न होता है। वे मुख्य रूप से हरी घास, चारा, भूसा और अनाज पर निर्भर करती हैं। घी, चीनी और मैदा जैसी भारी और मीठी चीज़ें उनके लिए हानिकारक हो सकती हैं। हलवा-पूरी में मौजूद अत्यधिक घी और चीनी उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इससे दस्त, अपच और अन्य जठरांत्र संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। यहाँ पर संतुलन की आवश्यकता स्पष्ट होती है। नवरात्रियों का उद्देश्य न केवल आस्था और भक्ति है, बल्कि पशुओं और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व बनाए रखना भी है। श्रद्धा और सुरक्षा एक साथ चल सकते हैं। गायों के स्वास्थ्य के लिए हलवा-पूरी देना सही नहीं है, और उन्हें प्राकृतिक चारा, हरी घास और फल देना सर्वोत्तम विकल्प है। धार्मिक दृष्टि से, श्रद्धा का वास्तविक अर्थ यही है कि हम अपनी आस्था का पालन करते हुए भी विवेक का उपयोग करें।

पारंपरिक दृष्टि से, नवरात्रियों में प्रसाद वितरण केवल मानव उपभोग तक सीमित होना चाहिए। ऐसा करने से धार्मिक आस्था का पालन होता है और पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहती है। कई मंदिर और धार्मिक स्थल इस संतुलन को बनाए रखते हुए अपने प्रसाद में केवल फल, हरी पत्तियाँ और सूखा अनाज देते हैं। इससे गायों को पोषण मिलता है और उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है। सांस्कृतिक दृष्टि से यह विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय परंपरा में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। धार्मिक ग्रंथों और लोक कथाओं में उनका संरक्षण, सम्मान और सेवा विशेष रूप से उल्लेखित है। अगर हम नवरात्रियों में श्रद्धा और परंपरा का पालन करते हुए गायों के स्वास्थ्य की अनदेखी करते हैं, तो हम उनकी सुरक्षा और पालन-पोषण के सिद्धांतों के प्रति उत्तरदायी नहीं रह पाते। यह एक ऐसा मामला है जहाँ धर्म और विज्ञान का संतुलन आवश्यक है।

शिक्षा और जागरूकता इस संदर्भ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। धार्मिक आयोजकों, मंदिरों और परिवारों को यह समझना आवश्यक है कि उनके द्वारा दिया जाने वाला प्रत्येक प्रसाद केवल इंसानों के लिए ही नहीं, बल्कि अगर पशु उसमें सम्मिलित हैं, तो उनके लिए भी सुरक्षित होना चाहिए। स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए, ताकि लोग समझ सकें कि हलवा-पूरी गायों के लिए सुरक्षित नहीं है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी यह मानते हैं कि गायों को इंसानों के खान-पान से अलग रखना उनके दीर्घकालीन स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। घी, चीनी और तेल से बनी चीज़ें उनके जठरांत्र प्रणाली में समस्याएँ पैदा कर सकती हैं। इसलिए नवरात्रियों के दौरान पारंपरिक प्रसाद का आनंद केवल इंसानों के लिए ही लेना चाहिए। इससे धार्मिक आस्था भी बनी रहती है और पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। नवरात्रियों में हलवा-पूरी का महत्व केवल स्वाद या परंपरा तक सीमित नहीं है। यह भक्ति, सामूहिक उत्साह और परिवार के साथ समय बिताने का माध्यम भी है।


## जीवन मंत्र

# प्रेम ही बचता है प्रार्थना में

प्रार्थना की राख में, हमारे पुराने दुःख, निराशाएँ और खोई हुई उम्मीदें जलकर राख हो जाती हैं। लेकिन वही राख, जो जीवन की कठिनाइयों के बीच बचती है, उसमें प्रेम की चमक और शक्ति हमेशा रहती है।

जीवन की भाग-दौड़, रिश्तों की जटिलताएँ और हमारी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएँ अक्सर हमें असली भावनाओं से दूर कर देती हैं। हम खुद को और अपने आस-पास के लोगों को जितना जानते हैं, कभी-कभी वह पर्याप्त लगता है और कभी-कभी अधिक प्रतीत होता है। इस सच्चाई के बीच, वह एकमात्र चीज़ जो स्थायी और शुद्ध रहती है, वह है प्रेम। प्रेम केवल एक भावना नहीं, बल्कि वह शक्ति है जो हमें जीवन की कठिनाइयों में भी जोड़कर रखती है।

प्रार्थना, चाहे किसी भी रूप में हो, हमारे मन और आत्मा को शांति प्रदान करती है। जब हम अपने भीतर की



उलझनों और भ्रमों के बीच बैठे होते हैं, तब हमारी प्रार्थना का सार केवल शब्दों में नहीं, बल्कि भावनाओं और निस्वार्थ प्रेम में प्रकट होता है। यही वह पल है जब हम महसूस करते हैं कि जीवन में असली मूल्य, पैसा, नाम या सफलता नहीं, बल्कि सच्चा प्रेम और आत्मीयता है।

प्रार्थना की राख में, हमारे पुराने दुःख, निराशाएँ और खोई हुई उम्मीदें जलकर राख हो जाती हैं। लेकिन वही राख, जो जीवन की कठिनाइयों के बीच बचती है, उसमें प्रेम की चमक और शक्ति हमेशा रहती है। यह प्रेम किसी भी रूप में हो सकता है — माता-पिता का प्यार, मित्रों का साथ, साथी की निष्ठा या मानवता के प्रति हमारी संवेदना। यही वह प्रेम है जो समय, दूरी और परिस्थितियों के बावजूद हमेशा जीवित रहता है।

सच तो यह है कि जीवन की सबसे गहरी समझ और अनुभव तब आता है जब हम अपने अहंकार और व्यक्तिगत इच्छाओं से ऊपर उठकर केवल प्रेम को महसूस करते हैं। प्रार्थना के माध्यम से हम न केवल अपने भीतर की शांति पाते हैं, बल्कि यह भी समझते हैं कि प्रेम ही वह सच्चा धरोहर है जो किसी भी भौतिक या सांसारिक चीज़ के साथ बदलती नहीं।

अंततः, चाहे जीवन कितना भी कठिन क्यों न हो, चाहे हमारी यात्रा में कितनी भी बाधाएँ आएँ, प्रेम ही वह अमूल्य चीज़ है जो प्रार्थना के माध्यम से हमेशा हमारे साथ रहती है। यह हमें याद दिलाता है कि असली जीवन की ताकत केवल रिश्तों, संवेदनाओं और आत्मीयता में ही निहित है। प्रेम ही बचता है, प्रेम ही शाश्वत है, और यही प्रार्थना का सार भी है।

## जीवन ऊर्जा

केकी एन. दारूवाला : निधन - 26 सितंबर 2024 — देहवसान

# जीवन अनिश्चित है; हम बस आगे बढ़ते हुए रास्ता बनाते हैं

केकी नासरवानजी दारूवाला (24 जनवरी 1937 - 26 सितंबर 2024) एक भारतीय कवि और अंग्रेजी में लघु कथाकार थे। वह एक भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी भी थे। उन्हें 1984 में उनके कविता संग्रह, द कीपर ऑफ द डेड के लिए साहित्य अकादमी, भारत की राष्ट्रीय साहित्य अकादमी द्वारा साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

जीवन की सबसे बड़ी सच्चाई यह है कि इसे पूरी तरह से नियंत्रित नहीं किया जा सकता। चाहे हम कितना भी योजना बनाएं, भविष्य हमेशा अप्रत्याशित मोड़ और अवसर लाता है। यही अनिश्चितता जीवन को चुनौतीपूर्ण बनाती है, लेकिन साथ ही रोमांचक भी। हम अक्सर अपने भविष्य को लेकर चिंता करते हैं, पर वास्तव में यह हमारी सोच और हमारी प्रतिक्रियाओं पर निर्भर करता है कि हम इन अनिश्चित परिस्थितियों में कैसे आगे बढ़ते हैं।

जब हम इस अनिश्चितता को स्वीकार कर लेते हैं, तभी हम सीखते हैं कि जीवन में स्थिरता और सफलता का अर्थ केवल पूर्वानुमान में नहीं, बल्कि सक्रिय प्रयास



और अनुकूलन में है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हम अपने अनुभवों और निर्णयों के माध्यम से नए रास्ते बनाते हैं। हर चुनौती, हर गलती और हर उपलब्धि हमें आगे की दिशा दिखाती है और जीवन को एक अनोखे सफर की तरह आकार देती है।

अनिश्चित जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज यह है कि हम अपने निर्णयों से डरें नहीं। अक्सर लोग असफलताओं और अनजान परिस्थितियों से डरकर ठहर जाते हैं। लेकिन यही क्षण होते हैं जब हम अपने भीतर की ताकत और क्षमता को पहचानते हैं। हम हमेशा यह तय नहीं कर सकते कि जीवन हमें क्या देगा, पर हम तय कर सकते हैं कि हम क्या करेंगे और कैसे प्रतिक्रिया देंगे। यही हमारे मार्ग का निर्माण करता है। इसके साथ ही, जीवन का यह संदेश हमें लचीलापन और धैर्य सिखाता है। रास्ता बनाना केवल शारीरिक या बाहरी प्रयास नहीं है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक दृढ़ता भी है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# प्रेम के आगे ज्ञान भी निस्तेज


शुष्क तर्क लेकर उद्धव गोपियों को समझाने गए थे, ज्ञान सिखाने गए थे। उन्हें लगा कि वे ब्रह्मज्ञान और वेदों के आदर्शों के माध्यम से गोपियों को उनके प्रेम के भाव से अवगत करा देंगे, परंतु गोपियों के हृदय में कृष्ण के लिए जो अनुराग था, वह किसी भी तर्क के परे था। जब उद्धव लौटे तो उनकी झोली में केवल वृंदावन की माटी थी, जिसे वह बार-बार अपने सिर



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

पर लगाते, रोते और उस प्रेम का अनुभव करने का प्रयास करते जिसके आगे उनका ज्ञान व्यर्थ हो गया था। गोपियों ने अपने प्रेम मार्ग को नहीं छोड़ा, उनके मन, ज्ञान, ध्यान और विवेक सब कृष्ण भक्ति रस में डूबे हुए थे। उनके लिए बिना प्रेम का ज्ञान केवल धूल था, और संसार का हर ज्ञान उनका हृदय नहीं छू सकता था।

कृष्ण ने माता-पिता, सखा-सखी, गाय-गोपाल, और सभी को प्रेम का अनुभव कराया। माँ यशोदा के प्रति उनका वात्सल्य और प्रेम इतना प्रगाढ़ था कि उन्होंने अपने विश्वरूप को भी दिखाया, लेकिन यशोदा का प्रेम उस ज्ञान पर भारी था। वही प्रेम अर्जुन को भी अनुभव कराया गया था, जब कृष्ण ने उसे बार-बार सखा और प्रिय कहकर संबोधित किया। प्रेम के बिना दिया गया ज्ञान केवल विष है। उद्धव भी यही करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन गोपियों के



सामने उनका ब्रह्मज्ञान फीका पड़ गया और वे पागल होकर लौटे।

जब आप प्रेम करते हैं तो शब्द टूट जाते हैं, और शब्दों के अंतरस का रस आप अनुभव कर लेते हैं। आपकी गति वही होती है जो गूंगे को गुड़ खाकर होती है। गोपियाँ शब्दों के स्थान पर भाव से संवाद करती हैं, एक ऐसी विधा जिसमें उद्धव अनजान थे। भाव में संवाद करना तर्क वितर्क से ऊँचा है और यह केवल निष्काम प्रेम के माध्यम से ही संभव होता है।

उद्धव-गोपी संवाद प्रत्येक तर्कशील व्यक्ति को पढ़ना चाहिए, क्योंकि इससे वह समझ सकेगा कि जीवन में केवल ज्ञान का संचय करना पर्याप्त नहीं है। प्रेम के बिना ज्ञान व्यर्थ है, और बिना प्रेम के जीवन केवल तर्क-वितर्क और व्यर्थ की चिंताओं में बर्बाद हो जाता है। प्रेम से भरा हुआ हृदय ही सत्य का अनुभव कर सकता है, और यही कृष्ण भक्ति का सबसे बड़ा रहस्य है। प्रेम ही वह अमृत है जो ज्ञान को पूर्ण करता है, अन्यथा ज्ञान केवल विष बनकर रह जाता है।

## अपने विचार



उस पोस्टर का मतलब यह था कि हम महाराज के विचारों का पालन कर रहे हैं। हम सभी को साथ लेकर चल रहे हैं। जो लोग जातिवाद देखते हैं, वे परेशान थे।

-देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र



मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि अगर खेलने का फैसला हो गया था, तो अगर हम पाकिस्तान से इतने नाराज थे, तो हमें उनके साथ नहीं खेलना चाहिए था। हमें खेल भावना के साथ खेलना चाहिए था और उनसे हाथ मिलाना चाहिए था।

-शशि थरूर, नेता, कांग्रेस



अरे बाबा, मैंने भी सुबह 6 बजे बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा शुरू कर दिया है। मैं सुबह 6 बजे करमाला में था। मैं एक मजदूर हूँ। क्या हम यहाँ गोट्या खेलने आए हैं?

-अजित पवार, डिप्टी सीएम, महाराष्ट्र



हमने पिछले साल चुनावों से पहले ही चुनाव आयोग को मतदाताओं की अचानक बढ़ी संख्या, गायब मतदाताओं और मतदान केंद्रों के कुप्रबंधन के बारे में पत्र लिखा था। इन सभी गड़बड़ियों के बारे में हम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनता को बताएंगे।

-आदित्य ठाकरे, नेता, शिवसेना(यूबीटी)

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि." के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार).

## ब्रीफ न्यूज़




बैंक ऑफ बड़ौदा, कोंगांव शाखा के सभी कर्मचारी नवरात्रि उत्सव के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक सप्ताह के अवसर पर पीले वस्त्रों में पारंपरिक उल्लास के साथ सम्मिलित हुए। पीला रंग माँ दुर्गा के कुष्मांडा रूप का प्रतीक है, जो ज्ञान, ऊर्जा और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है



नवरात्रि के चौथे दिन, मुंबई स्थित महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (महापारेषण) की महिलाएं पीले रंग के कपड़े पहने हुए नजर आईं।



नवरात्रि के चौथे दिन, बृहन्मुंबई महानगरपालिका के नगर उपअभियंता (शाळा पायाभूत सुविधा कक्ष) विभाग की महिला कर्मचारी पीले रंग के कपड़े पहने हुए नजर आईं।



नवरात्रि के चौथे दिन, बृहन्मुंबई महानगरपालिका के उप उद्यान अधिक्षक (परि 1 व 2) और उनके कार्यालय के कर्मचारी पीले रंग के परिधान में नजर आए।



नवरात्रि के चौथे दिन, बृहन्मुंबई महानगरपालिका मुख्यालय के कर्मचारी पीले रंग के परिधान में नजर आए।



नवरात्रि के चौथे दिन, महावितरण भांडुप परिमंडल की महिला कर्मचारी पीले रंग के कपड़े पहने हुए थीं।



नवरात्रि के चौथे दिन, मुंबई स्थित आईआरसीटीसी पश्चिम क्षेत्र कार्यालय की महिलाएं पीले रंग के कपड़े पहने हुए थीं।

# 'मेरी माटी, मेरी थाली' अभियान का केंद्रीय मंत्री के हाथों शुभारंभ

### इस्कॉन की पहल से स्थानीय समुदाय को मिलेगा पौष्टिक और पारंपरिक भोजन

डीबीडी संवाददाता | पालघर

महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल पालघर जिले में गोवर्धन इकोविलेज़ (जीईवी) की ओर से शुरू किए गए 'मेरी माटी, मेरी थाली' अभियान का शुभारंभ मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदायों को पारंपरिक और पौष्टिक आहार से जोड़ना और कुपोषण की समस्या से निजात दिलाना है।

### जीईवी का लक्ष्य – कुपोषण मुक्त पालघर

जीईवी के निदेशक गौरांग दास ने कहा कि भोजन केवल पोषण का साधन नहीं, बल्कि यह पहचान, पारिस्थितिकी और समानता का प्रतीक भी है। उन्होंने बताया कि संस्था का लक्ष्य पालघर को कुपोषण मुक्त जिला बनाना है। इसके लिए 'पोषण सखी' और 'पोषण सखा' ग्रामीणों को स्थानीय उपज से पौष्टिक भोजन बनाने की विधि सिखाएंगे। जीईवी ने ज्ञान सहयोगी भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद और सिंबायोसिस स्कूल ऑफ क्यूलिनरी आर्ट्स एंड न्यूट्रिशनल साइंसेज़ के साथ मिलकर नीति, परंपरा और जमीनी कार्यवाही को जोड़ते हुए भारत के खानपान की शैली को नए सिरे से परिभाषित करने का प्रयास किया है।

### पारंपरिक आहार और जलवायु सुरक्षा पर जोर




मंत्री ने इस्कॉन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पारंपरिक आहार और क्षेत्रीय कृषि पद्धतियों को पुनर्जीवित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार भी मिलेट्स (श्री अन्न) को बढ़ावा देकर खाद्य सुरक्षा और जलवायु लचीलापन की दिशा में कार्य कर रही है।

### जागरूकता और पोषण मेले होंगे आयोजित



अभियान के अंतर्गत पोषण मेले और जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए बच्चों और महिलाओं को स्थानीय फसलों व व्यंजनों से परिचित कराया जाएगा। जीईवी आने वाले आगंतुक भी गोविंदा रेस्टोरेंट की 'मदन मोहन थाली' के माध्यम से पारंपरिक व्यंजनों का अनुभव कर सकेंगे।

### आदिवासी पलायन रोकने पर जोर



जीईवी के प्रमुख सनत कुमार दास ने बताया कि उचित आमदनी के अभाव में आदिवासी परिवारों का पलायन बड़ी समस्या है। इसे रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर विविध फसलें उगाना और उन्हें बाजार तक पहुंचाना जरूरी है। इसी दिशा में जीईवी सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने पर काम कर रहा है।



### हरित ऊर्जा केंद्र की स्थापना

इस अवसर पर पर्यावरण मंत्रालय ने घोषणा की कि जीईवी, आईआईएम अहमदाबाद और आईआईटी के सहयोग से पालघर में ग्रीन एनर्जी एवं सस्टेनेबिलिटी सेंटर स्थापित किया जाएगा। आने वाले हफ्तों में इसे औपचारिक रूप से शुरू किया जाएगा।

## आशियाना संस्था में जरूरतमंद बच्चों को वितरित किया गया ड्रेस

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी




आशियाना द्वारा आयोजित जरूरतमंद बच्चों के ड्रेस वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिवंडी मनपा उपायुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर ने कहा कि भिवंडी शहर के प्रत्येक बच्चे को स्कूल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी केवल शासन की नहीं बल्कि हर नागरिक की भी है। उनका यह भी मानना है कि इससे सर्व शिक्षा अभियान सफल होगा और शहर में कोई बच्चा अशिक्षित नहीं रहेगा।

### आशियाना संस्था और बच्चों की सेवा

भिवंडी शहर में बेसहारा और जरूरतमंद बच्चों के पालन-पोषण और शिक्षा के लिए श्री साईं सेवा संस्था की अध्यक्षा डॉक्टर स्वाती सिंह द्वारा फेने गांव, कामतघर में आशियाना नामक संस्था चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम का आयोजन बाबा रामप्रसाद सिंह मानव सेवा समिति के प्रेरणाश्रोत की पुण्यतिथि पर किया गया, जिसमें बच्चों को ड्रेस वितरित की गई।

### कार्यक्रम में भागीदारी और संचालन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालकृष्ण क्षीरसागर, मनपा शिक्षा अधिकारी सौदागर शिखरे, उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सिंह (दादा ठाकुर), श्रीराज सिंह, एड प्रवीण मिश्रा, मनोज सिंह, उदयराज सिंह, पत्रकार गुरु प्रसाद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। संस्था से जुड़ी महिलाओं ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष डॉ. स्वाती सिंह ने किया।

## 'एक दिन-एक घंटा-एक साथ' थीम पर श्रमदान का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | भुसावल

भुसावल। देशभर में स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार भुसावल मंडल में 25 सितंबर 2025 को "एक दिन- एक घंटा – एक साथ" की संकल्पना पर आधारित श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी, मंडल रेल उपभोक्ता समिति सदस्य, स्थानीय नागरिक, स्वयंसेवी संगठन और विद्यार्थी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

### प्रमुख स्टेशन और उपस्थित मान्यवर




भुसावल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर इस कार्यक्रम में कई मान्यवर उपस्थित रहे। जळगांव स्टेशन पर सांसद स्मिता वाघ और विधायक सुरेश भोले, भुसावल स्टेशन पर वस्त्र उद्योग मंत्री संजय सावकारे, शेगांव स्टेशन पर विधायक संजय कुटे, मलकापुर स्टेशन पर विधायक चैनसुख संचेती तथा खंडवा स्टेशन पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और विधायक कांचन मुकेश तनवे शामिल हुए।

### अभियान का उद्देश्य और प्रभाव

इस श्रमदान उपक्रम के तहत रेलवे स्टेशन, परिसरों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाया गया। 'एक दिन-एक घंटा-एक साथ' के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को स्वच्छ भारत की दिशा में एकजुट होकर कदम बढ़ाने का संदेश दिया गया।

## एएचपी का गरबा बना नारी शक्ति का प्रतीक

विनय दूबे | भाईंदर

मीरा-भाईंदर शहर में एमआईसीएल आवासीय संकुल (एएचपी) द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव में इस बार महिलाओं की शक्ति और एकता को समर्पित विशेष आयोजन हुआ। नवरात्रि का पर्व न केवल धार्मिक जश्न का अवसर है, बल्कि यह प्रकृति के महत्व और महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। भारत रत्न स्व. लता मंगेशकर नाट्यगृह के पास स्थित संकुल में पिछले तीन वर्षों से नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन इस साल का आयोजन विशेष इसलिए रहा कि इसे संकुल की सभी महिलाएं मिलकर संचालित कर रही हैं।


### नारी शक्ति और समुदाय का समर्पण



आयोजन में महिलाओं की एकता, सहयोग और सशक्तिकरण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। संकुल में लगभग 5 हजार लोग रहते हैं और सभी त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। पिछले वर्ष एमबीएमसी द्वारा आयोजित स्वच्छता स्टार रैंकिंग प्रतियोगिता में विजेता एमआईसीएल ने पुरस्कार सफाई मित्रों को समर्पित कर उनका सम्मान किया था। इस नवरात्रोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के बीच प्रतिदिन महाप्रसाद का वितरण किया गया और गरबा नृत्य में विजेता बच्चों को आकर्षक पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

### प्रमुख अतिथियों का संदेश

संकुल में माँ भवानी का आशीर्वाद लेने आए प्रमुख अतिथि विधायक नरेंद्र मेहता ने कहा कि एमआईसीएल आवासीय संकुल में आयोजित नवरात्रि उत्सव न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह महिलाओं की एकता और सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। इस आयोजन ने समुदाय के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया और नारी शक्ति के महत्व को समाज में उजागर किया।



ठाणे के कळवा स्थित आई भगवती श्री सप्तश्रृंगी देवी के मंदिर में नवरात्र उत्सव की शुरुआत हो चुकी है और इस अवसर पर सप्तश्रृंगी माता का सजायागयामनमोहकरूप!

## मुलुंड के झेड शहा महाविद्यालय में हिंदी दिवस समारोह

डीबीडी संवाददाता | मुंबई




मुलुंड के व्ही.पी.एम.आर. झेड शहा महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर "हिंदी में रोजगार के सुनहरे अवसर" विषय पर मार्गदर्शन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई।

### मुख्य अतिथि ने रोजगार के अवसर बताए

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुंबई से आईं डॉ. कुसुम विश्वकर्मा (सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी) थीं। उन्होंने हिंदी भाषा के माध्यम से उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया और पत्रकारिता, अनुवाद, लेखन, प्रशासनिक सेवाएं, डिजिटल मीडिया आदि क्षेत्रों में हिंदी की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### प्राचार्या ने दी शुभकामनाएं

महाविद्यालय की प्राचार्या कविता शर्मा ने विद्यार्थियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी और हिंदी भाषा के प्रति अस्मिता और गौरव की भावना बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी का प्रचार-प्रसार हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

### प्रतियोगिताओं और सहभागिता से हुआ कार्यक्रम सफल

कार्यक्रम में स्वरचित कविता, कवि रचित काव्य पाठ, गीत गायन और शायरी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के उप प्राचार्य अंजनीका उदय, प्राध्यापक स्मिता जाधव, सीमा उघडे, हर्षा मोरे सहित अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में चेयरमैन चिन्निवार और सचिव कट्टेगरी का मार्गदर्शन भी योगदान रहा।

## धामणकर नाका मित्र मंडल को प्रथम स्थान

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

राज्य शासन के सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित गणेशोत्सव प्रतियोगिता में धामणकर नाका मित्र मंडल – स्वाभिमान सेवा संस्था के सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव हासिल किया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मंडल ने लगातार दूसरे वर्ष जीता है।

### सम्मान समारोह और पुरस्कार



मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड. आशीष शेलार और कौशल्य विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढा के शुभहस्ते मंडल के अध्यक्ष संतोष शेट्टी को सम्मानपत्र और 50 हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

### सामाजिक योगदान और मुख्यमंत्री सहायता निधि

इस वर्ष मंडल द्वारा रक्तदान शिबिर, नेत्र चिकित्सा शिविर, विद्यार्थियों के लिए शस्त्र प्रदर्शन, सांघिक खेल प्रतियोगिता, बुद्धिबळ स्पर्धा और पारंपरिक भजन कार्यक्रम जैसे विविध सामाजिक उपक्रम आयोजित किए गए। अध्यक्ष संतोष शेट्टी ने बताया कि प्रथम पुरस्कार स्वरूप प्राप्त 50 हजार रुपए के साथ मंडल की ओर से अतिरिक्त 50 हजार रुपए मिलाकर कुल 1 लाख रुपए मुख्यमंत्री सहायता निधि में अकाल पीड़ितों की मदद के लिए जमा किए जाएंगे।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** घर के सदस्यों के स्वास्थ्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी।

**वृष** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बेवजह कहासुनी हो सकती है। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**मिथुन** किसी अपने के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल होंगे।

**कर्क** शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**सिंह** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुबुद्धि हावी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों से संबंध सुधरेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

**कन्या** शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधन जुटेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। लंब समय से रुके कार्य सहज रूप से पूर्ण होंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट में सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी।

**तुला** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। अज्ञात भय रहेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। विवाद से क्लेश होगा। दूसरों के उकसाने में न आएं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी।


**धनु** आंखों का ख्याल रखें। अज्ञात भय सताएगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन आ सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लॉटरी व सट्टे से दूर रहें। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है। दूसरों के कार्य में दखल न दें। बड़ों की सलाह मानें। लाभ होगा। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ** शारीरिक कष्ट संभव है तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मीन** आराम तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। यश बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी जिसका तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। प्रमाद न करें। चोट व रोग से परेशानी संभव है।

## जन्म से मृत्यु तक जीवन की रूपरेखा – कुंडली के 12 भावों का रहस्य




एकादश भाव लाभ और उपलब्धि का भाव है। कर्म का फल और जीवन में अर्थ-संपदा की प्राप्ति इसी स्थान से देखी जाती है। यह भाव हमें सिखाता है कि बिना लाभ और संसाधन के जीवन अधूरा है। द्वादश भाव अंतिम भाव है, जिसे मोक्ष स्थान कहते हैं। यही जीवन की पराकाष्ठा है। खर्च, विदेश यात्रा, त्याग, और सबसे ऊपर मुक्ति इसी भाव से देखी जाती है। प्रथम भाव से शुरू हुई यात्रा अंततः द्वादश भाव पर जाकर पूरी होती है। यही आत्मा की सच्ची मंजिल है।

**भावेश और फल कथन का गूढ़ रहस्य**

जिस भाव में जो राशि बैठती है, उसका स्वामी उस भाव का भावेश कहलाता है। यही भावेश अपने स्थान और बल के अनुसार शुभ या अशुभ फल देता है। षष्ठ, अष्टम और द्वादश भाव के स्वामी साधारणतः अनिष्ट फल देते हैं, जब तक कि वे स्वगृही या उच्च स्थिति में न हों। इसी तरह, अष्टम और द्वादश में बैठे ग्रह साधारणतः दुखप्रद माने जाते हैं, परंतु शुक्र यहाँ भोग और सुख देता है।

ग्रहों का बल भी उनके दिग्बल और स्थिति से तय होता है। सूर्य और मंगल दशम में, बुध और बृहस्पति लग्न में, चंद्र और शुक्र चतुर्थ में, और शनि सप्तम में दिग्बल प्राप्त करते हैं। लग्न और चंद्र का सम्मिलित विचार करने से ही सटीक फलादेश संभव होता है।

महादशा और अंतर्दशा का भी गहरा प्रभाव है। ग्रह अपने स्वभाव और स्थिति के अनुसार उसी अवधि में शुभ या अशुभ फल देता है। यदि महादशा और अंतर्दशा के स्वामी ग्रह आपस में मित्र हों और परस्पर शुभ स्थानों में हों, तो जीवन में चमत्कारिक उन्नति होती है। परंतु यदि वे शत्रु भाव में हों, तो कठिनाइयाँ और दुख निश्चित होते हैं।

**निष्कर्ष**

कुंडली के 12 भाव जन्म से मृत्यु तक जीवन की सम्पूर्ण यात्रा का मानचित्र हैं। इनमें निहित रहस्य केवल भौतिक सुख-दुख ही नहीं, बल्कि आत्मा की मुक्ति का मार्ग भी दर्शाते हैं। यही कारण है कि ज्योतिष केवल भविष्यवाणी का शास्त्र नहीं, बल्कि जीवन दर्शन और आत्मज्ञान की ओर ले जाने वाली एक गहन विद्या है।




प्रियंका जैन
9769994439

## न्यूज़ ब्रीफ

### मछलीपालन कर जिले के किसान बनेंगे आत्मनिर्भर

**धमतरी।** किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 25 सितंबर को जिला प्रशासन धमतरी एवं राजनांदगांव स्थित एबीस कंपनी के बीच मछलीपालन को प्रोत्साहित करने हेतु द्विपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधियों ने किसानों को मछलीपालन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी और मछलियों की खरीदी की जिम्मेदारी लेने का आश्वासन दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि धान की तुलना में मछलीपालन से किसानों की आमदनी अधिक होगी।

### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत गांव में शोक

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के सिसोलर थाना क्षेत्र के भमई गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। गांव के राजाबाबू का चार वर्षीय पुत्र नितिन घर के पास स्थित तलैया किनारे खेलते समय तालाब में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। गुरुवार को पुलिस ने शव को पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के अनुसार, नितिन अपने दोस्तों के साथ भीठ में खेल रहा था। इसी दौरान अचानक वह तालाब के गहरे हिस्से में चला गया। परिजनों ने बच्चे के लापता होने का पता चलते ही उसकी तलाश शुरू की, लेकिन तब तक नितिन पानी में डूब चुका था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ब्रजेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नितिन दो भाइयों और एक बहन में दूसरे नंबर का बच्चा था। उसकी असमय मौत ने पूरे परिवार को शोक में डुबो दिया है।

### मिनीमाता बांगो बांध का जलस्तर 91.12 प्रतिशत तक पहुँचा

**कोरबा।** जलग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा के चलते मिनीमाता बांगो बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। आज गुरुवार 25 सितम्बर 2025 की शाम 6 बजे तक बांध का जलस्तर 358.17 मीटर पहुँच गया है, जबकि जलभराव क्षमता 91.12प्रतिशत दर्ज की गई। जल संसाधन विभाग के अनुसार, यदि जलभराव 92 प्रतिशत से अधिक होता है और आवक तेज बनी रहती है तो सुरक्षा कारणों से मिनीमाता बांगो बांध के जलद्वार (गेट) तीसरी बार खोले जा सकते हैं। बांध से जल छोड़े जाने की स्थिति में हसदेव नदी व अन्य निचले क्षेत्रों में जलस्तर बढ़ सकता है। इसके चलते नदी किनारे बसे गांवों के निवासियों, खनिज खदानों, ठेकेदारों और औद्योगिक इकाइयों को सावधानी बरतने की अपील की गई है। विभाग ने साफ किया है कि आकस्मिक बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल संसाधन विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

### जबलपुर लोकायुक्त ने पांच हजार की रिश्वत लेते डिप्टी रेंजर को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**जबलपुर।** कुछ दिनों से भ्रष्टाचारियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही जबलपुर लोकायुक्त टीम ने गुरुवार को एक बार फिर भ्रष्टाचारी पर शिकंजा कसा है। लोकायुक्त टीम ने डिप्टी रेंजर को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इसके बाद लोकायुक्त की टीम ने पाटन में पदस्थ आरोपित डिप्टी रेंजर ढेलन सिंह यादव की जांच शुरू कर दी है। दरअसल कटरा मोहल्ला, पाटन निवासी 38 वर्षीय शकील मोहम्मद वहीद ने जबलपुर लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले को शिकायत दी कि वह एक कारपेंटर हैं और लकड़ी के परिवहन का काम करते हैं।

# सीएम ने दिखाई 11 नई एम्बुलेंसों को हरी झंडी

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को 11 नई CATS (सेंट्रलाइज्ड एक्सीडेंट एंड ट्रॉमा सर्विसेज) एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "दिल्ली में पिज्जा से पहले एम्बुलेंस मरीज तक पहुंचनी चाहिए।" उन्होंने घोषणा की कि अक्टूबर तक एम्बुलेंसों की संख्या 53 तक और आगे चलकर 1,000 तक पहुंचाई जाएगी, ताकि हर नागरिक को समय पर आपातकालीन चिकित्सा सेवा मिल सके।




### अंगदान और टीबी उन्मूलन पर फोकस

सीएम गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के क्षय रोग उन्मूलन अभियान को पूरा समर्थन दे रही है। इसके लिए दिल्ली के अस्पतालों को उन्नत चिकित्सा उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े नए कार्यक्रम भी शुरू

कार्यक्रम के दौरान सीएम गुप्ता ने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कई नए प्रयासों की शुरुआत की। इनमें राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के तहत विशेष योजनाएं, अंग प्रत्यारोपण जागरूकता पोर्टल और जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (DEIC) का उद्घाटन शामिल है। अधिकारियों का कहना है कि ये पहल दिल्ली के स्वास्थ्य तंत्र को और मजबूत करेंगी।

### पिज्जा से पहले पहुंचे एम्बुलेंस संदेश पर जोर

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में मरीज तक एम्बुलेंस सबसे पहले पहुंचे। उन्होंने बताया कि फिलहाल 11 नई एम्बुलेंस शुरू की गई हैं और अक्टूबर तक 53 और जुड़ेंगी। दीर्घकालिक योजना के तहत इनकी संख्या 1,000 तक ले जाने की तैयारी है।

# तीन करोड़ के हेरोइन के साथ चार तस्कर धराए

एजेंसी | भोजपुर



भोजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से तीन किलो हेरोइन समेत अन्य सामान बरामद किया। जब्त हेरोइन का सरकारी मूल्य लगभग तीन करोड़ रुपये बताया गया है। सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को जिले में भारी मात्रा में नशीले पदार्थों के आने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद एसएच, एनएच और अन्य मार्गों पर निगरानी बढ़ा दी गई और वाहनों की जांच शुरू की गई। गुरुवार सुबह गीधा थाना क्षेत्र के गीधा ओवरब्रिज के पास एक कार संदिग्ध गति से अंडरपास की ओर बढ़ी। गश्त पर तैनात पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने कार को चारों तरफ से घेरकर रोक लिया। कार की तलाशी में चार युवकों के कब्जे से तीन किलो हेरोइन, पांच मोबाइल, दस एटीएम कार्ड और अन्य सामान बरामद हुआ। पकड़े गए चारों युवक भोजपुर जिले के निवासी हैं।

# अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

एजेंसी | गाजीपुर

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हथियार बनाने और तस्करी करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पहली बार अवैध कारतूस बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया और आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए।



### गाजीपुर से शुरू हुई कार्रवाई

स्पेशल सेल के उपायुक्त अमित कौशिक ने बताया कि 22 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गाजीपुर की ओर हथियार सप्लाई करने आ सकता है। पुलिस ने वहां से सुनील तेवतिया नामक बदमाश को गिरफ्तार किया। उसके पास से 4 पिस्टल और 166 कारतूस बरामद हुए।

### रामपुर-मुरादाबाद से जुड़े तार

पूछताछ में मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने यूपी के रामपुर से दूसरे आरोपी को पकड़ा। इसके बाद मिली जानकारी पर टीम ने मुरादाबाद में छापा मारकर तीसरे अपराधी को गिरफ्तार किया और उसकी फैक्ट्री से 7 पिस्तौलें, 210 जिंदा कारतूस, 257 खाली कारतूस, 354 गोलियों के लेड, 350 गोली के खोल और हथियार बनाने की मशीनें बरामद कीं। पुलिस का कहना है कि बरामद सामग्री से 1000 से अधिक कारतूस बनाए जा सकते थे। इसी बीच, दिल्ली पुलिस की पश्चिम जिला इकाई ने हरि नगर इलाके से काला जठेड़ी गैंग के तीन सक्रिय सदस्यों को भी दबोच लिया। आरोपी जनकपुरी स्थित एक भोजनालय में उगाही की साजिश रचने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर योजना को नाकाम कर दिया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ अमित चंडोक (37), गुरप्रीत उर्फ मन्नी (30) और गुरजीत सिंह (35) के रूप में हुई है।

# हत्या कर घर के आगे बोरी में लटका दिया 7 साल के मासूम का शव

एजेंसी | आजमगढ़

गुरुवार सुबह आजमगढ़ के पठान टोला इलाके में सात साल के शाज़ेब अली का शव घर के बाहर बोरी में लटका मिला। घटना की निर्ममता से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई।



### पड़ोसी पर आरोप

परिजनों ने पड़ोसी संदीप निगम और उसके भाई शैलेंद्र निगम पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की मां जैस्मीन खातून का कहना है कि उनका बेटा पड़ोसियों के घर खेलने गया था, वहीं से गायब हुआ। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समय रहते कार्रवाई होती तो शायद बच्चे की जान बच सकती थी।

### लापता होने के बाद मिली लाश

बुधवार से शाज़ेब लापता था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी और सोशल मीडिया पर भी मदद मांगी थी। गुरुवार सुबह उन्हें एक अज्ञात नंबर से फिरौती की कॉल भी आई। लेकिन कुछ ही देर बाद घर के बाहर बोरी में बच्चे का शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

### जांच में जुटी पुलिस

घटना की खबर मिलते ही एसपी ग्रामीण चिराग जैन, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे। जांच में पास की छत पर खून के धब्बे भी मिले हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए सैंपल के तौर पर लिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 4 अक्टूबर को मुंगेर आएंगे सीएम नीतीश कुमार

एजेंसी | मुंगेर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 4 अक्टूबर को मुंगेर दौरा प्रस्तावित है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, एडीएम, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार, सदर एसडीओ कुमार अभिषेक, एसडीपीओ अभिषेक आनंद सहित अन्य अधिकारियों ने गोल्फ ग्राउंड, जेएसए ग्राउंड और बियाडा परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान वरीय उपमुख्य यांत्रिक अभियंता (क्रेन) प्रीतम कुमार भी उनके साथ थे। डीएम ने सबसे पहले गोल्फ ग्राउंड का जायजा लिया और दो हेलीपैड के लिए स्थान चिह्नित किया। जेएसए ग्राउंड में सभा स्थल पर पहुंचकर उन्होंने सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा की और रेलवे अधिकारियों को प्रवेश एवं निकासी द्वार की व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग प्रबंधन पर भी जोर दिया ताकि यातायात प्रभावित न हो और आम लोगों को परेशानी न हो।

# राजद विधायक का सीएम नीतीश कुमार पर गंदा कमेंट, पार्टी ने किया किनारा

**फुलपरास।** लौकहा से राष्ट्रीय जनता दल के विधायक भारत भूषण मंडल की वैसे तो प्रखर वक्ता के तौर पर अपनी बातों को साफगोई से रखने के लिए जाने जाते रहे हैं। मगर फुलपरास विधानसभा के बेलहा गांव निवासी विधायक भारत भूषण मंडल के बिगड़े बोल ने राजनीति गरम कर दी है। सुपौल की एक सभा में उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर विवादित बात कह दी। बता दें कि इन दिनों विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक विवादित बयान ट्रेंड कर रहा है जिसमें विधायक भारत भूषण मंडल ने सीएम नीतीश को लेकर कई अशोभनीय और गंदे कमेंट किए हैं। वहीं, विधायक ने जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा पर भी विवादित बयान दिया।

## व्यापार जगत

# लगातार पांचवें दिन फिसला बाजार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शेयर बाजार गुरुवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ बंद हुए। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा पर शुल्क लगने की चिंता के बीच सेंसेक्स गुरुवार को 555.95 अंक टूट गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 555.95 अंक या 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,159.68 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 622.74 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 81,092.89 अंक पर आ गया। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 166.05 अंक या 0.66 प्रतिशत गिरकर 24,890.85 पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक प्रतिस्पर्धियों में कमजोर रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से संभलकर डॉलर के मुकाबले 88.68 (अनंतिम) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव से 7 पैसे अधिक है।



### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस पिछड़ गए। वहीं भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल प्रमुख लाभ में रहे।

### वैश्विक चुनौतियों से निवेशकों का भरोसा डगमगाया

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने बताया कि निफ्टी आज मनोवैज्ञानिक स्तर 25,000 अंक से नीचे फिसल गया। इससे मंदी का दौर और गहरा गया। वैश्विक और घरेलू स्तर पर कई चुनौतियों के कारण निवेशकों का भरोसा डगमगाया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार निकासी, रुपये में रिकॉर्ड गिरावट और अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि को लेकर नई चिंताएं, जिसे भारतीय आईटी आय पर नकारात्मक प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है। इन सबने मिलकर बाजार की धारणा को खराब किया है।

# एनएसई के यूनिक निवेशकों की संख्या 12 करोड़ के पार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) पर 23 सितंबर, 2025 तक यूनिक निवेशकों की संख्या 12 करोड़ के पार चली गई। यह आंकड़ा पिछले आठ महीनों में 1 करोड़ निवेशकों के जुड़ने का परिणाम है। एनएसई के अनुसार, हर चार निवेशकों में एक महिला है। जनवरी, 2025 में ही निवेशकों की संख्या 11 करोड़ के पार जा चुकी थी।

### बाजार रिटर्न

चालू वित्त वर्ष में 23 सितंबर तक बेंचमार्क निफ्टी 50 सूचकांक ने 7 प्रतिशत का रिटर्न दिया, जबकि निफ्टी 500 सूचकांक ने इस अवधि के दौरान 9.3 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया। यह दर्शाता है कि निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और तेज़ी से विस्तारता निवेशक आधार के बीच सकारात्मक बाजार प्रदर्शन भी देखने को मिला है।

### निवेशक आधार में तेजी का ग्राफ




एनएसई ने बताया कि पहले 1 करोड़ निवेशक जुड़ने में 14 साल लगे। अगले 1 करोड़ निवेशक जुड़ने में लगभग सात साल, उसके बाद साढ़े तीन साल और फिर एक साल से थोड़ा अधिक समय लगा। मार्च 2021 में पंजीकृत निवेशक आधार ने 4 करोड़ का आंकड़ा पार किया था, जबकि उसके बाद 1 करोड़ निवेशक केवल 6-7 महीनों में जुड़ गए। डिजिटलीकरण, फिनटेक की पहुंच और नीति समर्थन के कारण निवेशक आधार तेजी से बढ़ा।

### कुल पंजीकृत निवेशक और आयु प्रोफ़ाइल

23 सितंबर, 2025 तक एनएसई में पंजीकृत निवेशक खातों की कुल संख्या 23 .5 करोड़ हो गई। इनमें सभी ग्राहक पंजीकरण शामिल हैं, और ग्राहक एक से अधिक ट्रेडिंग सदस्यों के साथ पंजीकृत हो सकते हैं। 12 करोड़ पंजीकृत निवेशकों की औसत आयु लगभग 33 वर्ष है, जो पांच साल पहले 38 वर्ष थी। इनमें से करीब 40 प्रतिशत की आयु 30 वर्ष से कम है।

### राज्यवार निवेशक भागीदारी

एनएसई के अनुसार, 31 अगस्त, 2025 तक तीन राज्य ऐसे थे जिनमें पंजीकृत निवेशकों की संख्या 1 करोड़ से अधिक थी। महाराष्ट्र 1.9 करोड़ निवेशकों के साथ शीर्ष पर, उत्तर प्रदेश 1.4 करोड़ निवेशकों के साथ दूसरे स्थान पर और गुजरात 1.03 करोड़ निवेशकों के साथ सूची में नवीनतम राज्य रहा। निवेशक आधार भारत के 99 .85 प्रतिशत पिन कोड क्षेत्रों को कवर करता है।

# द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया पहला एनएफओ



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पैंटोमैथ ग्रुप की कंपनी, द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड की निवेश प्रबंधक द वेल्थ कंपनी एसेट मैनेजमेंट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने चार सक्रिय फंडों के न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) के साथ शुरुआत कर भारत की पहली महिला-नेतृत्व वाली एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) बनकर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही, द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) प्लेटफॉर्म पर एनएफओ लॉन्च करने वाली देश की पहली म्यूचुअल फंड कंपनी बन गई है। इसका उद्देश्य म्यूचुअल फंड निवेश को और अधिक सरल और लोकतांत्रिक बनाना है। चार फंडों, फ्लेक्सी कैप फंड, आर्बिट्रेज फंड, एथिकल फंड और लिक्विड फंड, को निवेशकों की विविध आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। ये फंड विकास, स्थिरता, नैतिकता और तरलता से जुड़े निवेश विकल्प प्रदान करते हैं। विशेष रूप से, द वेल्थ कंपनी एथिकल फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो नैतिक निवेश पर आधारित है। यह फंड शराब, तंबाकू, जुआ, नशीले पदार्थ, चमड़ा, मांस और मुर्गी पालन, कीटनाशक और जानवरों के प्रति क्रूरता से जुड़े उद्योगों में निवेश नहीं करता। यह निवेश के सात्विक तरीके को बढ़ावा देता है, जहां मूल्य और धन का संतुलन सुनिश्चित होता है।

एनएफओ 24 सितंबर, 2025 से खुलेंगे और 8 अक्टूबर, 2025 को बंद होंगे। निवेशक न्यूनतम 1000 की आवेदन राशि और 250 से शुरू होने वाली एसआईपी के माध्यम से निवेश यात्रा शुरू कर सकते हैं।


इस पहल के साथ, द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने महिला नेतृत्व, नैतिक निवेश और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं।

# एयरबस निदेशक मंडल की बैठक अगले सप्ताह की शुरुआत में पहली बार दिल्ली में होगी

**नई दिल्ली।** विमान निर्माता कंपनी एयरबस अगले सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रीय राजधानी में अपने निदेशक मंडल की बैठक आयोजित करेगी। यह पहली बार होगा कि एयरबस बोर्ड की बैठक भारत में होगी। भारत इस प्रमुख एयरोस्पेस कंपनी के लिए एक प्रमुख बाजार है। कंपनी भारत से पहले से ही 1.4 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की सेवाएं और घटक प्राप्त करता है। एयरबस के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि कंपनी भारत के प्रतिभा पूल, इसके संपन्न औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र और इसके स्पष्ट 'मेक इन इंडिया' विजन में बड़ी संभावनाएं देखती है। भारत के नागरिक उड्डयन और रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपस्थिति रखने वाली एयरबस, H125 हेलीकॉप्टरों और C295 सैन्य विमानों के लिए दो फ़ाइनल असेंबली लाइनें भी स्थापित कर रही है। दोनों फ़ाइनल असेंबली लाइनें टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के साथ मिलकर स्थापित की जा रही हैं।

# वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की मजबूती बरकरार: वित्त मंत्री सीतारमण

**नई दिल्ली।** बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की मजबूती और लचीलापन उसके सशक्त मैक्रोइकोनॉमिक मूलभूत कारकों की वजह से है। पुणे में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 91वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में अंतरराष्ट्रीय माहौल में अस्थिरता और बढ़ गई है। इसका असर कई देशों पर साफ दिख रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि लेकिन इन सभी अनिश्चित वैश्विक स्थितियों के बीच, भारत की लचीलापन सामने आता है और कई अनुकूल कारक, जैसे मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी बातें, युवा जनसांख्यिकी और घरेलू मांग पर अधिक निर्भरता, भारतीय अर्थव्यवस्था को मुख्य ताकत प्रदान करते हैं। सीतारमण ने कहा कि आर्थिक लचीलापन जारी रहा है, विशेष रूप से इस वर्ष अप्रैल-जून तिमाही में भी, जहां भारत की जीडीपी 7.8 प्रतिशत बढ़ी है।



# वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

- गिल कप्तान, जडेजा उपकप्तान
- 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में पहला टेस्ट

**एजेंसी । मुंबई**

वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम में 15 मेंबर्स को चुना गया है। स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को उपकप्तान बनाया गया है। रेगुलर उपकप्तान ऋषभ पंत इंग्लैंड दौरे पर चोटिल हो गए थे, वे अभी पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं। BCCI ने गुरुवार को दुबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम का ऐलान किया। सीरीज का पहला मुकाबला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से दिल्ली में होगा। सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि उम्मीद है कि पंत साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट (नवंबर में) के लिए उपलब्ध होंगे।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत तीसरे नंबर पर



भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाली यह दो मैचों की सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2025-27 का हिस्सा है। फिलहाल भारत पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है। भारत ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई थी। वहीं, वेस्टइंडीज अब तक खेले गए तीनों मैच हारकर छठे स्थान पर है। इस WTC साइकिल में भारत की पहली होम सीरीज है। वहीं वेस्टइंडीज की घर से बाहर पहली सीरीज है।

### करुण नायर और अभिमन्यु ईश्वरन ड्रॉप

टीम से करुण नायर और शार्दुल ठाकुर को ड्रॉप किया गया है, जो इंग्लैंड दौरे पर टीम में शामिल थे। अभिमन्यु ईश्वरन को भी टीम में शामिल नहीं किया गया।

### 7 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज खेलेगी वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज टीम 7 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज खेलने के लिए आ रही है। विंडीज ने 2018 में पिछली सीरीज 2-0 से गंवाई थी।

### क्या जगदीसन को प्लेइंग-11 में मौका मिलेगा?

टेस्ट टीम के रेगुलर उपकप्तान ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज सीरीज में भारत के मुख्य विकेटकीपर होंगे। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी के आखिरी दो टेस्ट में विकेटकीपिंग की थी। वह इस समय लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया A के खिलाफ खेल रहे हैं। एन जगदीसन बैकअप विकेटकीपर के रूप में टीम में शामिल किए गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ ओपनिंग करने के साथ जुरेल के साथ कीपिंग की जिम्मेदारी भी साझा की थी।

### नीतीश रेड्डी और देवदत्त पडिक्कल को भी मौका

इस सीरीज के लिए आंध्र प्रदेश के नीतीश रेड्डी और कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल को भी टीम में शामिल किया गया है। पडिक्कल हाल ही में ऑस्ट्रेलिया A के खिलाफ 150 रन की पारी के बाद चर्चा में आए। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में नंबर 3 पर बल्लेबाजी की थी, जहां उन्होंने 0 और 25 रन बनाए थे। नीतीश सात टेस्ट खेल चुके हैं और ऑलराउंडर के रूप में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम

रोस्टन चेज (कप्तान), तेजनारायण चंद्रपॉल, ब्रैंडन किंग, केवलोन एंडरसन, शाई होप, जोन कैंपबेल, एलिक एथनाज, टेविन इमलाक, जस्टिन ग्रीव्स, एंडरसन फिलिप, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ, जेडन सील्स, खैरी पियरी और जोमेल वारिकन।


# बाबर आजम की टी-20 अंतरराष्ट्रीय में होगी वापसी

### भारत से मिली हार के बाद आया फैसला

**एजेंसी । कराची**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम की टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी हो सकती है। एशिया कप 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम से मिली लगातार हार के बाद ये फैसला लिया जा सकता है। पूर्व कप्तान ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में पाकिस्तान के लिए टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था, जिसके बाद से उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। बाबर दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज में टीम का हिस्सा बन सकते हैं।

### मोहम्मद रिजवान की भी हो सकती है वापसी



पाकिस्तान की बल्लेबाजी क्रम में लगातार अस्थिरता देखी जा रही है और ऐसे में बाबर जैसे अनुभवी बल्लेबाज की कमी पहले से ज्यादा महसूस हो रही है। सूत्रों के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका सीरीज में उनकी वापसी की संभावना अब अधिक हो गई है। टीम प्रबंधन अन्य भूमिकाओं पर भी नजरें जमाए हुए हैं। अगर मोहम्मद हारिस लगातार खराब प्रदर्शन करते रहे तो विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी फिर से मोहम्मद रिजवान को सौंपे जाने की संभावना है। टीम की कप्तानी और संरचना की बात करें तो आघा सलमान का भविष्य बाकी बचे एशिया कप मुकाबलों में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। बाबर की वापसी की संभावना बनी हुई है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह पारी की शुरुआत करेंगे या मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगे। टीम प्रबंधन इस पर विचार कर रहा है कि बाबर की वापसी से रणनीति पर क्या असर पड़ेगा, ताकि टीम का प्रदर्शन बेहतर बना रहे।बाबर ने अब तक पाकिस्तान के लिए 128 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इसकी 121 पारियों में 39.83 की औसत से 4,223 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 129.22 की रही है। इस खिलाड़ी के बल्ले से 3 शतक और 36 अर्धशतक निकले हैं।

### कोच और चयनकर्ता बाबर को टीम में नहीं चाहते थे

सूत्रों के अनुसार, मुख्य चयनकर्ता आकिब जावेद और कोच माइक हेसन ने शुरू में युवा खिलाड़ियों को मौका देने का समर्थन किया था। उनका मानना था कि बाबर और मोहम्मद रिजवान से आगे बढ़ने का समय आ गया है। उन्होंने उनकी स्ट्राइक रेट को लेकर सवाल खड़े किए थे। हालांकि, भारत के खिलाफ हारों के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के भीतर दबाव बढ़ गया है और अधिकारियों ने रुख बदलते हुए बाबर की वापसी कराने की बात कही है। बाबर को एशिया कप टीम में शामिल करने की भी कोशिश भी की गई थी, लेकिन टूर्नामेंट आयोजकों ने नियमों का हवाला देते हुए यह अनुमति नहीं दी। नियमों के अनुसार केवल चोट की स्थिति में ही टीम में बदलाव की इजाजत होती है।

# विश्व कप से ठीक पहले अरुंधति रेड्डी हुई चोटिल

**एजेंसी । मुंबई**

महिलाओं का वनडे विश्व कप 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होना है, जिसमें भारतीय महिला क्रिकेट टीम हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में खेलेगी। आगामी संस्करण से ठीक पहले भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी चोटिल हो गई हैं। वह बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान पैर में चोट लगा बैठी हैं।



### अपनी ही गेंदबाजी में चोटिल हुई अरुंधति रेड्डी

अभ्यास मैच में भारत ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 13वें ओवर में घटी। रेड्डी ने अपनी ही गेंद पर हीथर नाइट का एक तेज कैच लपकने की कोशिश की। इस प्रयास में उनका संतुलन बिगड़ गया और वे अजीब ढंग से बाएं पैर पर गिर गईं। उनकी चोट इतनी गंभीर थी उन्हें तुरंत मैदान छोड़कर जाना पड़ा था।

### व्हीलचेयर की मदद से मैदान से बाहर गई अरुंधति रेड्डी

चोट लगने के बाद रेड्डी अपने पैर पर भार नहीं डाल पा रही थीं, इसलिए उन्हें बाहर ले जाने के लिए व्हीलचेयर को मैदान पर लाया गया। अगर वह आगामी विश्व कप के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाती हैं, तो भारतीय चयनकर्ता उनकी जगह पर सयाली सतघरे को शामिल कर सकते हैं। बता दें कि सतघरे बतौर रिजर्व उपलब्ध हैं। अतिरिक्त स्पिन विकल्पों के लिए टीम प्रेमा रावत या प्रिया मिश्रा को भी चुन सकती है।

## एशिया कप 2025

# गलतियों से सीख लेने उतरेगी भारतीय टीम

**एजेंसी । दुबई**

एशिया कप 2025, सुपर-4 के आखिरी मैच में भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार (26 सितंबर) को श्रीलंका से भिड़ेगी। भारतीय टीम सुपर-4 के दोनों मैच जीतकर पहले ही फाइनल में जगह बना चुकी है और यह मुकाबला उसके लिए तैयारियों की अंतिम परीक्षा होगी। वहीं, शुरुआती 2 मैच हारने के बाद श्रीलंका की टीम पहले ही खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी है।



**भारत की संभावित एकादश:** शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह।

### श्रीलंका के खिलाफ भारत का पलड़ा रहा है भारी

भारत और श्रीलंका के बीच टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में अब तक 31 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 21 मैच अपने नाम किए हैं। श्रीलंका को 9 मुकाबलों में जीत मिल पाई है। 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकला है। दोनों टीमों के बीच खेले गए आखिरी 5 मुकाबलों में भारतीय टीम ने 4 मैच अपने नाम किए हैं। श्रीलंका सिर्फ 1 मैच जीतने में सफल रही है।

**श्रीलंका की संभावित एकादश:** पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कुसल परेरा, चरीथ असलंका (कप्तान), दासुन शनाका, कामिंदु मेंडिस, चमीका करुणारत्ने, वनिंदु हसरंगा, महेश तीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा।

### इस प्लेइंग इलेवन के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

भारतीय टीम पहले से फाइनल में पहुंच चुकी है। ऐसे में सुपर-4 के अपने अंतिम मैच में अन्य खिलाड़ियों को मौका दे सकती है। सूर्यकुमार यादव अभी तक अपने लय में नजर नहीं आए हैं। ऐसे में उनसे एक बड़ी पारी की उम्मीद होगी।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है श्रीलंका की टीम

पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी मुकाबले में श्रीलंका की बल्लेबाजी कुछ खास नहीं रही थी। ऐसे में टीम के बल्लेबाजों को भारत के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में वनिंदु हसरंगा अच्छे फॉर्म में चल रहे हैं। ऐसे में टीम को उनसे भी काफी उम्मीदें होंगी।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

अभिषेक ने एशिया कप 2025 में 5 मुकाबले खेले हैं और इसकी 5 पारियों में 49.60 की औसत और 206.66 की स्ट्राइक रेट से 248 रन बनाए हैं। श्रीलंका के निसांका ने 5 पारियों में 30.80 की औसत और 146.66 की स्ट्राइक रेट से 154 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में कुलदीप ने 5 पारियों में 8.08 की उम्दा औसत के साथ 12 विकेट चटकाए हैं। हसरंगा ने 5 पारियों में 17 की औसत से 7 विकेट झटके हैं।

## बॉ ली वु ड





# सलमान खान बनना चाहते हैं पिता, किया बड़ा खुलासा


बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान फिल्मों के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। 59 साल की उम्र में भी अविवाहित सलमान ने अब अपनी दिली ख्वाहिश जाहिर की है। दरअसल, वह हाल ही में काजोल और ट्विंकल खन्ना के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल खन्ना' के पहले एपिसोड में मेहमान बनकर पहुंचे। बातचीत के दौरान सलमान ने खुलासा किया कि भले ही उन्होंने अभी तक शादी नहीं की है, लेकिन वह जल्द ही पिता बनने की इच्छा रखते हैं। सलमान खान ने शो के दौरान अपनी पिता बनने की ख्वाहिश जाहिर करते हुए कहा, बच्चे तो जरूर होंगे, और बहुत जल्द होंगे। एक दिन मैं पक्का पिता बनूंगा। आगे क्या होता है, वो वक्त बताएगा। इसके साथ ही उन्होंने अपने पुराने रिश्तों पर भी खुलकर बात की। सलमान ने कहा, जब एक पार्टनर दूसरे से ज्यादा तरक्की कर लेता है, तो वहीं से रिश्तों में दरार आने लगती है। असुरक्षा की भावना जगह बनाने लगती है। अगर दोनों साथ में कदम मिलाकर आगे बढ़ें, तभी रिश्ता लंबे समय तक चल सकता है। सलमान ने बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहा, रिश्ते तभी टिकते हैं जब दोनों एक-दूसरे का बोझ बांटें। मेरा मानना है कि अगर चीजें नहीं चल पाईं, तो बस नहीं चल पाईं। और अगर किसी को जिम्मेदार ठहराना है, तो वो मैं खुद हूं। गौरतलब है कि टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल खन्ना' के इस एपिसोड में सलमान के साथ आमिर खान भी मौजूद थे। बातचीत के दौरान आमिर ने भी अपने निजी जीवन का जिक्र किया और रीना दत्ता से तलाक के दिनों की यादें शेयर कीं। यह पूरा एपिसोड अमेज़न प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया गया है।



# बड़े पर्दे पर फिर लौट रही है 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स'


बॉलीवुड की चर्चित जोड़ी कंगना रनौत और आर. माधवन ने जब 2015 में फिल्म 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' में साथ काम किया था, तब दर्शकों ने इस जोड़ी को खुले दिल से अपनाया था। यह फिल्म 22 मई 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अपने मजेदार डायलॉग्स, उम्दा संगीत और बेहतरीन कहानी की वजह से उस साल की सबसे बड़ी हिट्स में से एक साबित हुई थी। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया था, जिन्होंने इस सीक्वल को भी पहले भाग 'तनु वेड्स मनु' (2011) की तरह यादगार बना दिया था। अब, लगभग दस साल बाद, दर्शकों के लिए एक खास तोहफा लेकर फिल्ममेकर्स लौट रहे हैं। 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' को दोबारा बड़े पर्दे पर रिलीज करने का ऐलान हो गया है। फिल्म के चाहने वालों के लिए यह किसी जश्न से कम नहीं है, क्योंकि लंबे समय बाद वे इस फिल्म को फिर से सिनेमाघर की बड़ी स्क्रीन पर देखने का मौका पा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह सुपरहिट फिल्म 26 सितंबर को देशभर के सिनेमाघरों में रि-रिलीज की जाएगी। पीवीआर सिनेमा ने इस खबर की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, प्यार, हंसी और रोलरकोस्टर सवारी एक बार फिर वापस आ गई है। इस घोषणा के साथ ही फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू कर दी गई है।

# करण जौहर की 'दोस्ताना 2' को मिला नया चेहरा, विक्रांत मैसी की हुई एंट्री



फिल्ममेकर करण जौहर की बहुचर्चित फिल्म 'दोस्ताना 2' लंबे समय तक अटकी रहने के बाद अब दोबारा ट्रैक पर लौट आई है। शुरुआत में इस फिल्म में कार्तिक आर्यन और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले थे और दोनों ने करीब 30-35 दिन तक शूटिंग भी की थी। लेकिन अचानक प्रोजेक्ट रोक दिया गया। अब ताज़ा अपडेट यह है कि 'दोस्ताना 2' में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता विक्रांत मैसी की एंट्री हो चुकी है, जिसकी पुष्टि खुद अभिनेता ने की है। दिए एक इंटरव्यू में विक्रांत मैसी ने खुद पुष्टि की कि वह 'दोस्ताना 2' में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह उनका करण जौहर के साथ पहला प्रोजेक्ट है। उन्होंने बताया कि वह कार्तिक आर्यन की जगह फिल्म में शामिल हुए हैं। इसके अलावा, फिल्म में लक्ष्य लालवानी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। विक्रांत ने कहा, मैं 'दोस्ताना 2' कर रहा हूं। यह मेरी पहली धर्मा प्रोडक्शन फिल्म है। मुझे लगता है कि यह खबर पहले ही आ चुकी थी। विक्रांत मैसी ने बताया कि 'दोस्ताना 2' में उनके किरदार का एक नया अवतार देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, फिल्म में आप मुझे स्टाइलिश डिजाइनर कपड़े पहनकर और चश्मा लगाए हुए देखेंगे। करण सर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मेरा लुक बिल्कुल परफेक्ट हो। हालांकि, विक्रांत ने फिल्म की मुख्य अभिनेत्री का नाम शेयर करने से इंकार कर दिया और कहा, इसकी घोषणा करण सर ही करेंगे। बता दें कि 'दोस्ताना 2' की शूटिंग यूरोप में शुरू हो चुकी है।

# रोमांच से भरपूर 'सर्च: द नैना मर्डर केस' का ट्रेलर रिलीज




अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा लंबे समय से अपने दमदार अभिनय और चुनिंदा किरदारों के लिए जानी जाती हैं। पिछली बार वह अनुराग बसु निर्देशित फिल्म 'मेट्रो...इन दिनों' में दिखाई दी थीं, जिसमें उनकी जोड़ी दिग्गज अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ बनी थी। हालांकि यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और बॉक्स ऑफिस पर खास प्रभाव नहीं छोड़ सकी। इसके बावजूद कोंकणा के अभिनय को हमेशा की तरह सराहा गया। अब एक बार फिर वह पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं, लेकिन इस बार फिल्म नहीं बल्कि वेब सीरीज के जरिए। पिछले कुछ समय से कोंकणा अपनी नई वेब सीरीज 'सर्च: द नैना मर्डर केस' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज का निर्देशन रोहन सिप्पी ने किया है, जो अपनी अलग तरह की स्टोरीटेलिंग के लिए जाने जाते हैं। दर्शकों का इंतजार अब खत्म हो गया है क्योंकि सीरीज का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। रिलीज हुए ट्रेलर में कोंकणा सेन शर्मा का बिल्कुल नया और सशक्त अंदाज सामने आया है। वह इसमें एसीपी संयुक्ता दास का किरदार निभा रही हैं। ट्रेलर में उनके पुलिस अफसर वाले लुक और तीखे डायलॉग्स ने फैंस का ध्यान खींच लिया है। कोंकणा का किरदार एक रहस्यमयी मर्डर केस की गुत्थी सुलझाते हुए नजर आता है, जहां हर शख्स संदिग्ध प्रतीत होता है। सीरीज के निर्माताओं ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, इस दलदल में सब शक के घेरे में हैं, यहां कोई बेकसूर नहीं। यह लाइन कहानी की गहराई और सस्पेंस को और बढ़ा देती है।

# भारत में पहली बार ट्रेन से अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट

## रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया के बाद ऐसा करने वाला चौथा देश

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत ने बुधवार की देर रात रेल पर बने मोबाइल लॉन्चर सिस्टम के जरिए अग्नि-प्राइम मिसाइल की टेस्टिंग की। यह कैनिस्टराइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम से लॉन्च की गई। इसके लिए ट्रेन को विशेष रूप से डिजाइन किया गया। यह ट्रेन देश के हर उस कोने तक जा सकती है, जहां रेल लाइन मौजूद है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी जानकारी दी। टेस्ट ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया गया। इस टेस्ट ने भारत को उन चुनिंदा देशों के ग्रुप में शामिल कर दिया है जिनके पास रेल नेटवर्क से मिसाइल लॉन्च करने वाला कैनिस्टराइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम है। भारत से पहले रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया मोबाइल रेल लॉन्चर का टेस्ट कर चुके हैं। लिस्ट में अमेरिका का नाम भी शामिल है, लेकिन उसने पुष्टि कभी नहीं की। अग्नि प्राइम मिसाइल 2000 किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है। जो एडवांस्ड फीचर से लैस है।



### कैनिस्टराइज्ड लॉन्च सिस्टम क्या होता है

यह मिसाइल लॉन्च करने की एक मॉडर्न तकनीक है। इसमें मिसाइल को एक मजबूत कैनिस्टर (बड़े धातु के कंटेनर) में रखा जाता है। यह कैनिस्टर मिसाइल को सुरक्षित रखता है और आसानी से इधर-उधर ले जाने और लॉन्च के लिए तैयार रखता है। कैनिस्टर से मिसाइल को बिना लंबी तैयारी के सीधे दागा जा सकता है। मिसाइल नमी, धूल, मौसम और बाकी विपरीत हालात में सुरक्षित रहती है। ट्रक, रेल या मोबाइल लॉन्चर पर कैनिस्टर रखकर मिसाइल को कहीं भी ले जाया जा सकता है। दुश्मन को यह पहचानना मुश्किल होता है कि कौन सा कैनिस्टर मिसाइल लिए हुए है और कौन नहीं।

### यह मिसाइल टेस्ट भारत के लिए महत्वपूर्ण क्यों...

यह मिसाइल टेस्ट भारत के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि किसी भी युद्ध के दौरान सेना को लॉन्चिंग पॉइंट तक जाने वाली रेल लाइन की जरूरत होती है। कुछ मिसाइलों को उनके वजन के चलते मूव करना आसान नहीं होता था। अब यह परिदृश्य बदल जाएगा। इसका मतलब यह भी है कि सेना दुश्मन की नजरों से बचाने के लिए अपनी मिसाइलों को रेल सुरंगों में छिपा भी सकती है। रक्षामंत्री ने भी लिखा है कि यह रेल बेस्ड मोबाइल लॉन्चर मिसाइल को रात के अंधेरे और धुंध भरे इलाके से भी कम समय में लॉन्च कर सकता है। 70 हजार किलोमीटर रेल लाइन के साथ भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा नेटवर्क है। दक्षिण में कन्याकुमारी, उत्तर में बारामूला, पूर्व में साइरंग और पश्चिम में ओखा देश के सबसे रिमोट रेलवे स्टेशन हैं। यानी यहां तक रेल कनेक्टिविटी है।

### अब तक इन देशों ने किया रेल से मिसाइल टेस्ट

**रूस की मोलोडेट्स:** 1980 के दशक में पूर्व सोवियत संघ में था। उसने RT-23 मोलोडेट्स स्पेशल ट्रेनों से लॉन्च की थी। मोलोडेट्स भी परमाणु हथियार ले जा सकती थी। रूस ने बारगुजिन सिस्टम के साथ इसे दोबारा शुरू करने की भी योजना बनाई थी। लेकिन हाइपरसोनिक मिसाइल डेवलपमेंट पर फोकस के लिए इस प्रोजेक्ट को रोक दिया था।

**चीन की DF-4:** दिसंबर 2016 में चीन ने अपनी बैलिस्टिक मिसाइल DF-41 (CSS-X-20) के नए रेल-मोबाइल वर्जन का टेस्ट किया था। चीन की रॉकेट फोर्स ऐसे मोबाइल विकल्पों पर काम कर रही है।

**नॉर्थ कोरिया:** कोरिया की कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने 16 सितंबर 2021 को रेल मिसाइल सिस्टम के बारे में बताया था। अटैक से पहले मिसाइल ने 800 किलोमीटर की दूरी तय की।

**अमेरिका:** 1950 के दशक में अपनी मिनटमैन मिसाइलों के लिए रेल बेस्ड सिस्टम पर स्टडी शुरू की थी। 1961 में इसे छोड़ दिया। जापान और साउथ कोरिया भी रेल के जरिए मिसाइल लॉन्चिंग की टेस्टिंग कर चुके हैं।

# नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री कार्की का देश के नाम संबोधन

## अब 16 साल के युवा कर सकेंगे चुनाव में मतदान



**काठमांडू।** नेपाल में जेन-जी आंदोलन के बाद चुनी गईं अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने देश के नाम संबोधन में पांच मार्च तक चुनाव कराने का वादा किया। उन्होंने युवाओं के मताधिकार बढ़ाने के लिए, चुनाव कानून में बदलाव का एलान किया, जिसके अनुसार अब 16 वर्ष के युवा भी मतदान कर सकेंगे। इससे पहले यहां मतदान की न्यूनतम आयु 18 वर्ष थी। अंतरिम प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार ने चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ मिलकर स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसमें आवश्यक जनशक्ति, बजट, चुनाव सामग्री, सुरक्षा और कानूनी व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई है। उनका कहना था कि सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाही शुरू हो चुकी है।

### युवाओं और नागरिकों से अपील

सुशीला कार्की ने युवाओं को आगामी प्रतिनिधि सभा के चुनावों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने राजनीतिक दलों, नागरिक समाज, मीडिया और सभी संबंधित हितधारकों से भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में सहयोग करने का अनुरोध किया। उनका कहना था कि शांतिपूर्ण वातावरण चुनाव के सफल संचालन के लिए बेहद आवश्यक है।

### संवैधानिक प्रक्रिया और शासन सुधार

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार के पास संविधान में संशोधन या शासन प्रणाली बदलने का अधिकार नहीं है। ये निर्णय नई संसद द्वारा संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार समाप्त करने, सुशासन सुनिश्चित करने और सेवा वितरण में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सुशीला कार्की ने जेन-जी विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों सहित 74 लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 'सितंबर क्रांति' 2025 ने युवाओं को लोकतंत्र की नई दिशा दिखाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई।

## न्यूज ब्रीफ

### 311 करोड़ का लॉक्सम एप साइबर निवेश घोटाला

**नई दिल्ली।** ईडी ने लोक्सम ऐप साइबर निवेश घोटाले के आरोपी पर शिकंजा कस दिया है। विशेष न्यायालय (पीएमएलए), नई दिल्ली ने 'लॉक्सम एप' के माध्यम से देश के सबसे बड़े साइबर-सक्षम निवेश धोखाधड़ी केस को अंजाम देने वाले प्रमुख आरोपी और भगोड़े आर्थिक अपराधी भूपेश अरोड़ा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कई वर्षों तक कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के बाद, भूपेश अरोड़ा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 11.07.2025 को गिरफ्तार किया था। साइबर धोखाधड़ी की जांच से बचने के लिए 2022 की शुरुआत में वह अपने साथियों के साथ दुबई भाग गया था। नेपाल सीमा के रास्ते जब आरोपी भूपेश अरोड़ा ने भारत में गुप्त रूप से प्रवेश करने की कोशिश की तो प्रवर्तन एजेंसियों ने उसे पकड़ लिया था।

### विप्रो के अंदर ट्रैफिक की परमीशन नहीं: अजीम प्रेमजी

**बेंगलुरु।** विप्रो कंपनी के फाउंडर अजीम प्रेमजी ने कर्नाटक CM सिद्धारमैया के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। जिसमें बेंगलुरु में कंपनी के अंदर वाली रोड को आम पब्लिक के लिए खोलने की परमीशन मांगी गई थी। प्रेमजी ने सिद्धारमैया को लेटर भेजकर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि- कंपनी हमारी निजी संपत्ति है। इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। इसमें सुरक्षा से जुड़े कुछ मुद्दे भी शामिल हैं। दरअसल 19 सितंबर को कर्नाटक CM ने प्रेमजी को चिट्ठी भेजी थी। जिसमें कहा कि बेंगलुरु में इब्लूर जंक्शन पर आउटर रिंग रोड के पास काफी ट्रैफिक जाम लगता है।

## हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को 97 तेजस फाइटर जेट का ऑर्डर



**हैदराबाद।** केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) को भारतीय वायुसेना के लिए 97 मार्क-1A लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (तेजस फाइटर जेट) बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया। केंद्र ने HAL के साथ 62,370 करोड़ की डील की है। HAL को तेजस फाइटर जेट के लिए दूसरी बार ऑर्डर मिला है। इससे पहले, केंद्र ने फरवरी 2021 में 46,898 करोड़ की डील के तहत HAL को 83 मार्क-1A का ऑर्डर दिया था। इसकी डिलीवरी के लिए कंपनी के पास 2028 तक का समय है। मार्क-1A एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े को रिप्लेस करेगा। इसे पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। मिग-21 26 सितंबर को रिटायर हो जाएगा। इसने 62 साल की सर्विस के दौरान 1971 युद्ध, कारगिल और कई बड़े मिशन में अहम भूमिका निभाई।

# लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित को मिला प्रमोशन

## मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी होने के बाद मिली ये रैंक

एजेंसी । नई दिल्ली

2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में बरी किए गए, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित को वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद कर्नल के पद पर पदोन्नत किया गया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पुरोहित को उनकी पदोन्नति पर बधाई दी है और उन्हें देशभक्त बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, कर्नल पुरोहित को वर्दी में वापस आने पर बधाई। सरकार उन देशभक्तों के साथ दृढ़ता से खड़ी है जो साहस और निष्ठा के साथ देश की सेवा करते हैं।



### अदालत ने किया बरी

पुरोहित उन सात आरोपियों में शामिल थे जिन्हें 31 जुलाई को विशेष एनआईए अदालत ने बरी कर दिया। अदालत ने कहा था कि मात्र संदेह सबूत की जगह नहीं ले सकता और उचित संदेह से परे विश्वसनीय और ठोस सबूतों के अभाव का हवाला दिया था।

### 9 साल जेल में रहे बंद

29 सितम्बर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव कस्बे में एक मस्जिद के पास यह विस्फोट हुआ था, जिसमें छह लोग मारे गए थे और 100 से अधिक घायल हो गए थे। इस घटना के सिलसिले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अंततः केवल सात लोगों पर ही मुकदमा चलाया गया। कर्नल पुरोहित 9 साल तक जेल में बंद रहे थे। उन्होंने कोर्ट में दलील दी थी कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है। प्रसाद श्रीकांत पुरोहित और भाजपा नेता प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों को इस साल 31 जुलाई को एनआईए की एक अदालत ने बरी कर दिया था। बरी किए गए अन्य आरोपियों में मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, सुधाकर चतुर्वेदी, अजय राहिरकर, सुधाकर धर द्विवेदी (शंकराचार्य) और समीर कुलकर्णी शामिल हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने टूंडला में रामलीला उत्सव जारी रखने की परमिशन दी

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लगाई थी रोक

**नई दिल्ली/टूंडला।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के टूंडला में चल रहे रामलीला उत्सव को जारी रखने की अनुमति दी। अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश के एक हिस्से पर रोक लगा दी, जिसमें इस वर्ष स्कूल के मैदान में रामलीला आयोजन पर पाबंदी लगाई गई थी। यह मामला जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने सुनवाई के लिए आया था।



### सौ साल से अधिक पुरानी परंपरा

सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि रामलीला का आयोजन पिछले सौ साल से भी अधिक समय से स्कूल के खेल मैदान में, स्कूल समय के बाद, होता आ रहा है। इसमें बच्चों, उनके परिवारों और स्थानीय निवासियों की सक्रिय भागीदारी रहती है। आयोजकों ने दलील दी कि यह कार्यक्रम शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक होता है और इससे कभी भी शैक्षणिक गतिविधियों में बाधा नहीं आई।

### याचिकाकर्ता की स्थिति पर सवाल

आयोजकों ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य प्रशासन और स्थानीय लोगों ने कभी इस आयोजन पर आपत्ति नहीं जताई। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता से सवाल किया कि जब यह आयोजन एक सदी से चल रहा है, तो अचानक अब ही क्यों आपत्ति जताई गई। अदालत ने कहा कि पहले प्रशासन के पास जाकर समाधान तलाशा जाना चाहिए था।

### भविष्य के लिए वैकल्पिक स्थल खोजने का सुझाव

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रामलीला को जारी रखने की अनुमति इस शर्त पर होगी कि छात्रों को कोई असुविधा न हो। साथ ही, अदालत ने हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि जिला प्रशासन से भविष्य में ऐसे आयोजनों के लिए कोई वैकल्पिक स्थल खोजने को कहा जाए, ताकि स्कूल का खेल मैदान पूरी तरह छात्रों के लिए सुरक्षित रहे।

## भाजपा ने बिहार चुनाव के लिए धर्मेंद्र प्रधान को बनाया प्रभारी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में गुरुवार को पार्टी ने चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियों का एलान किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बिहार में प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। उधर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल को प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी का जिम्मा सौंपा गया है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही भाजपा ने अगले साल होने वाले तमिलनाडु चुनाव के लिए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। उनके साथ सहकारिता और उड्डयन मंत्रालय में राज्यमंत्री का पद संभाल रहे मुरलीधर मोहोल को सह-प्रभारी बनाया गया है। पार्टी ने केंद्रीय पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रभारी बनाया है, जबकि सांसद बिप्लब कुमार देव को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# कर्नाटक हाईकोर्ट का जाति सर्वेक्षण पर रोक से इनकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण यानी जाति सर्वेक्षण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने अधिकारियों को इस प्रक्रिया में शामिल होने वालों से प्राप्त किसी भी डेटा का खुलासा ना करने और प्रतिभागियों को इसकी जानकारी देने का आदेश दिया।




### डेटा का खुलासा नहीं होगा: कोर्ट

कोर्ट ने कहा कि हम इकट्ठा किए गए डेटा का खुलासा किसी भी व्यक्ति को नहीं किया जाएगा। आयोग यह सुनिश्चित करे कि डेटा पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय रखा जाए। हम आयोग को एक सार्वजनिक नोटिफिकेशन जारी करने का निर्देश देते हैं कि इस सर्वे में स्पष्टीकरण स्वैच्छिक है और किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी देने को लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है साथ ही खुलासा की गई जानकारी स्वैच्छिक है।

### सर्वे में भाग लेना पूरी तरह स्वैच्छिक: कोर्ट

पीठ ने यह भी कहा कि सर्वे में खुलासा स्वैच्छिक होने की जानकारी शुरुआत में ही देनी होगी। यदि कोई प्रतिभागी इसमें शामिल होने से इनकार करता है तो अधिकारी प्रतिभागियों को जानकारी देने या मनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाएंगे। आयोग एक कार्यदिवस के अंदर एक हलफनामा दायर करेगा जिसमें इकट्ठा किए गए आंकड़ों की गोपनीयता के लिए उठाए गए कदमों की स्पष्ट जानकारी होगी।

# 80 लाख से अधिक की सोने की तस्करी विफल

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा (नदिया जिला) पर बीएसएफ ने एक बार फिर से सोने की तस्करी को नाकाम कर दिया। जवानों ने बांग्लादेश से भारत में अवैध रूप से लाए जा रहे 719.2 ग्राम वजनी छह सोने के बिस्कुट जब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत 80.55 लाख है। इस कार्रवाई में एक तस्कर को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया।



### बीएसएफ ने चलाया पूरा ऑपरेशन

बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी ने के मुताबिक सीमा सुरक्षा बल की 32वीं वाहिनी, बनपुर सीमाचौकी को खुफिया सूचना मिली कि इलाके से बांग्लादेश से सोने की तस्करी हो सकती है। जवानों ने तत्काल रणनीति बनाकर तारबंदी के पास आम और केले के बागानों में दो समूहों में घात लगाई। सुबह करीब 08:30 बजे दो भारतीय और दो बांग्लादेशी तस्कर सीमा के दोनों ओर से आगे बढ़ते दिखाई दिए। बांग्लादेशी तस्करों ने छोटे प्लास्टिक पैकेट भारतीय तस्करों की ओर फेंके।

चुनावी चंदा मामला — लीबिया के गद्दाफी से जुड़ा है मामला

# फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति को 5 साल की जेल

एजेंसी । पेरिस

पेरिस की अदालत ने पूर्व फ्रांसीसी राष्ट्रपति निकोलस सारकोजी को लीबिया से अवैध चुनावी फंडिंग मामले में दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष की कारावास की सजा सुनाई है। खास बात यह है कि अपील करने पर भी उन्हें जेल में रहना पड़ेगा। अदालत ने उनकी कैद की तिथि बाद में तय करने का फैसला किया है।



### कुछ आरोपों से बरी, करीबी सहयोगी भी दोषी

अदालत ने सारकोजी को तीन अन्य आरोपों से बरी कर दिया, जिनमें निष्क्रिय भ्रष्टाचार, अवैध चुनावी फंडिंग और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को छिपाना शामिल था। हालांकि, उनके दो करीबी सहयोगी और पूर्व मंत्री क्लॉड गुएंट व ब्राइस होर्टेफ्यूक्स को दोषी पाया गया। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने 2007 के चुनावी अभियान के लिए लीबिया से धन प्राप्त करने की साजिश रची।

### गद्दाफी के साथ गुप्त सौदा

वकीलों ने यह भी आरोप लगाया कि सारकोजी ने गद्दाफी की अंतरराष्ट्रीय छवि सुधारने का भरोसा दिलाया था। गद्दाफी का शासन मानवाधिकार हनन और आतंकी हमलों से जुड़ा था, जिसकी वजह से वे वैश्विक स्तर पर अलग-थलग पड़ गए थे। 2005 में जब सारकोजी फ्रांस के गृहमंत्री थे, तब उनके सहयोगियों ने लीबिया के अधिकारियों से गुप्त बातचीत की। 2007 में राष्ट्रपति बनने के बाद सारकोजी ने गद्दाफी को पेरिस में ऐतिहासिक राजकीय यात्रा पर बुलाया और एलीसी पैलेस के बगीचे में उनके लिए विशेष बेडौइन तंबू लगवाया।

### मामला कैसे शुरू हुआ?

यह पूरा मामला 2007 के राष्ट्रपति चुनाव से जुड़ा है। आरोप है कि सारकोजी ने लीबिया के तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी की सरकार से करोड़ों यूरो की गुप्त राशि हासिल की। 2011 में लीबिया की एक न्यूज एजेंसी और खुद गद्दाफी ने दावा किया था कि उनकी सरकार ने सारकोजी की चुनावी मुहिम को फाइनेंस किया। वकीलों के अनुसार, 2005 में सारकोजी और उनके साथियों ने लीबिया शासन के साथ एक भ्रष्ट समझौता किया, जिसके तहत चुनावी फंडिंग के बदले कूटनीतिक और व्यावसायिक मदद का वादा किया गया था।